


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 216 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 20 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## धमधा फिर बनेगी तालाबों की नगरी

### 40 साल पहले अस्तित्व विहीन हो चुका धमधा का ''हाथी बुढ़ान'' तालाब हुआ पुनर्जीवित

#### 12 शासकीय तालाबों से अतिक्रमण हटाकर, प्रशासन व जनभागीदारी से किया जा रहा है गहरीकरण व जीर्णोद्धार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विगत कई महीनों के निरंतर प्रयास से जिला प्रशासन को दुर्ग के विकासखंड धमधा में एक बहुत बड़ी सफलता जनभागीदारी के माध्यम से प्राप्त हुई है। 40 वर्ष पूर्व अस्तित्व विहीन हो चुके धमधा के छह तालाबों को पहले खोजा गया, फिर कब्जा हटाया गया और फिर उसकी खुदाई कर तालाब को उसका मूल स्वरूप दिया गया। इन तालाबों को राजस्व विभाग ने स्थानीय जनों के सहयोग व अपने अथक प्रयास से पुर्नजीवित किया।

ये तालाब इतिहास के पन्नों में तो अंकित थे लेकिन वर्तमान में अपना मूल स्वरूप खो चुके थे। कुछ स्थानीय किसानों के द्वारा इसे पूर्णता पाट कर खेत का स्वरूप दे दिया गया था। इन विलुप्त तालाबों की बहाली के लिए जिला प्रशासन, योजनाबद्ध तरीके से सक्रिय कार्य कर रहा था। जिसके अंतर्गत उसने जनसहयोग के माध्यम से पुराने तालाबों का चिन्हांकन किया। 1909, 1921-22, 1929-30, 1984-85 राजस्व लैण्ड रिकार्ड से मिलान कर, 12 नेस्तनाबूद विलुप्त तालाबों का चिन्हांकन किया और इनका सीमांकन किया। जिनका जनभागीदारी के माध्यम से सतत् जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हाथी बुढ़ान, घोड़ा बुढ़ान, बनफरा का तालाब व बनफरा का पैठू प्राचीन तालाबों की खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और तेली डबरी व लोकईया तालाब की खुदाई का कार्य चल रहा है।







#### धमधा वासी व जिला प्रशासन ने दिया ''हमर तालाब हमर धरोहर'' का नारा

धर्मधाम गौरव गाथा समिति के संयोजक वीरेंद्र देवांगन व जनपद सदस्य ईश्वरी निर्मल ने बताया कि तरिया के पुर्नुउत्थान के लिए जिला प्रशासन व स्थानीय जनों के सहयोग से किया जाने वाला यह कार्य ऐतिहासिक है। विलुप्त हो चुके तालाबों के पुर्नरूस्थापन के लिए जिला प्रशासन व धमधा वासियों ने एक सुर में ''हमर तालाब हमर धरोहर'' के मंत्र को आत्मसात् कर लिया है। मोतियों की माला के रूप में तालाबों को पुनः प्राप्त कर हमारी संस्कृति व धरोहर को पुनः प्राप्त करने का प्रयास स्थानीय जनों द्वारा किया जा रहा है।

#### 6 कोरी 6 आगर तालाब वाला धमधा फिर बनेगी तालाबों की नगरी

धमधा के तालाबों के संकलन पर आधारित गोविंद पटेल द्वारा लिखित पुस्तक ''छै कोरी, छै आगर तरिया अऊ बूढ़ा नरवा'' के विमोचन के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष धर्मधाम गौरवगाथा समिति के सदस्यों द्वारा विलुप्त हो चुके तालाबों के सीमांकन के लिए मांग की गई थी। जिस पर सकारात्मक पहल करते हुए 6 कोरी 6 आगर तालाब वाले पुरातात्विक नगर धमधा के गौरवशाली वैभव की पुर्नस्थापना के लिए मुख्यमंत्री ने कुछ समय पूर्व जिला प्रशासन को दिशा निर्देश दिए थे। जिसका अमल करते हुए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में धमधा के एसडीएम बृजेश सिंह क्षत्रिय ने विलुप्त हो चुके तालाबों के संबंध में जानकारी एकत्रित करना प्रारंभ किया। क्योंकि यह कार्य जटिल था इसलिए प्रशासन ने खेत की जानकारी रखने वाले स्थानीय लोगों की सहायता ली। जिसमें गांव के बुजुर्ग और तरिया के क्षेत्र में संरक्षण कार्य करने वाले धर्मधाम गौरवगाथा समिति शामिल हुआ। समिति 3 साल पूर्व से ही इस दिशा में कार्य कर रही थी। जिसके अंतर्गत उसने प्रशासन को तालाबों के नाम, उनके निर्माणकर्ताओं की जानकारी, खसरा व रकबा नंबर इत्यादि उपलब्ध कराई। उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर 100 साल पुराने नक्शे व अन्य लैंड रिकॉर्ड से उपलब्ध जानकारियों का मिलान किया। इसके साथ ही पटवारियों की टीम के साथ मौके का मुआयना किया गया। विषय पर जानकारी देते हुए एसडीएम धमधा द्वारा बताया गया कि शासकीय रिकॉर्ड के अनुसार 26 तालाब अपने स्थान से विलुप्त हो चुके थे। जिसमें से 12 तालाबों को जनभागीदारी, जिला प्रशासन व पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित कर कब्ज़ा मुक्त करा लिया गया है।

#### शासकीय रिकार्ड में चिन्हित 36 पटे हुए तालाबों में से 12 तालाबों को जिला प्रशासन ने कराया कब्जा मुक्त

एसडीएम द्वारा बताया गया कि कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार शासकीय रिकार्ड में चिन्हित 36 तालाब जो कि पूर्णतः पट गए थे, में से शुरूआत में बड़े रकबे के तालाबों को चिन्हित करने के लिए कहा गया है। जिसमें 12 तालाबों का चिन्हांकन स्थानीय लोगों के सहयोग व धर्मधाम गौरवगाथा समिति के माध्यम से किया गया। जिसमें विलुप्त हो चुके इन 12 तालाबों को जनभागीदारी के साथ आपसी समन्वय के साथ मुक्त कराया गया। हाथी बूडान, घोड़ा बूडान, बनफरा तालाब, बनफरा पैठु, तेली डबरी, लोकईया तालाब, नकटी डबरी, डोकरा तालाब, मूनि का पैठु, मूनि का पीछे, लोधी डबरी, पिपराही तालाब इन 12 तालाब की सूची में शामिल हैं। एसडीएम ने बताया कि अन्य बचे हुए तालाबों को भी शीघ्र कब्जा मुक्त करा लिया जाएगा और जिला प्रशासन द्वारा तालाबों की नगरी धमधा को शीघ्र पुर्नस्थापित करने हेतु सकारात्मक दिशा में कार्य किया जाएगा।

## खास - खबर

### पेड़ पर लटकी मिली देवर-भाभी की लाश, दोनों के बीच चल रहा था प्रेम-प्रसंग, घर से निकले थे एक साथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा थाने क्षेत्र में पेड़ पर लटकती युवक-महिला की लाश मिली है। इलाके में लाश मिलने की बात से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। बताया जाता है कि युवक और महिला रिश्ते में देवर और भाभी थे। मामला प्रेस प्रसंग का बताया जा रहा है। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

इलाके में इस बात की चर्चा है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिस वजह से दोनों ने खुदकुशी कर ली। दोनों गुरुवार की रात को घर से खाना खाकर निकले थे। इसके बाद से वापस नहीं आए। घिवरा गांव निवासी 24 वर्षीय योगेश्वरी धीवर और 19 वर्षीय सुरेंद्र धीवर अपने परिवार के साथ रह रहे थे। दोनों के बीच कुछ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस वजह से घर में आए दिन विवाद होते रहता था। जब शुक्रवार को ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे, तो इस दौरान दोनों की एक साथ पेड़ पर लटकी लाश मिली। फिर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना पर पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस परिवार और ग्रामीणों से मामले में पूछताछ कर रही है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दोनों ने ये रास्ता क्यों अख्तियार किया? मामले में हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल, पीएम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा कि माजरा क्या है।

### शराब के नशे में युवती से दुष्कर्म करने की कोशिश, पुलिस ने भाजपा नेता को भेजा जेल

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक युवती के साथ छेड़खानी कर दुष्कर्म करने की कोशिश का मामला सामने आया है। इस मामले में आरोपी भाजपा नेता है। शुक्रवार को जिले के बोड़ला थाना पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता बसंत नामदेव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि यह नेता भाजपा में सोशल मीडिया विंग प्रभारी है। साथ ही निजी न्यूज पोर्टल भी चलाता है। मिली जानकारी अनुसार थाना बोड़ला में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि, बसंत नामदेव के साथ कार में बैठकर सहेली की शादी में ग्राम भीरा गई थी। जहां रात ज्यादा हो गई थी। बसंत नामदेव ने शराब का सेवन कर लिया था, जिस कारण वे उसके साथ नहीं आना चाह रही थी। लेकिन, आरोपी ने न्यूज ऑफिस बोड़ला में रूकना कहकर ले आया।

इसी दौरान आरोपी ने अपने रूम में पीड़िता के साथ छेड़खानी कर जबरदस्ती शारीरिक संबंध (दुष्कर्म) करने की कोशिश करने लगा। इस दौरान पीड़िता ने अपने दोस्त को फोन लगाने की कोशिश की तो आरोपी बसंत ने मोबाइल फोन को पटक कर तोड़ दिया। इस पूरे मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354, 342, 427 के तहत मामला दर्ज किया है।

## भिलाई के दो हॉस्पिटल पर लगाया 20-20 हजार रूपए का जुर्माना, अनुमति के बाद ही होगा संचालन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने अम्बे हॉस्पिटल और एस.एस. हॉस्पिटल पर 20-20 हजार रूपए जुर्माने से दण्डित किया है। साथ ही आदेश जारी के 30 दिवस पूर्ण होने के उपरांत ही संस्था संचालन सी.एम.एच.ओ की अनुमति पश्चात सुनिश्चित करने कहा है। ज्ञात हो कि अंबे हॉस्पिटल पावर हाउस भिलाई एवं एस.एस. हॉस्पिटल छावनी चौक भिलाई के द्वारा एलोपैथी चिकित्सक के नाम से आयुर्वेद चिकित्सकों से चिकित्सकीय उपचार किया जाना पाया गया है। जांच हेतु नामित अधिकारी डॉ. आर.के. खण्डेलवाल द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार एस.एस. अस्पताल नंदिनी रोड छावनी चौक भिलाई एवं श्री अम्बे हॉस्पिटल पावर हाउस भिलाई में ओपीडी सेवायें आयुर्वेदिक चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है, जो कि अधिनियम 2010 एवं 2013 का उल्लंघन है।




एस.एस. अस्पताल संचालक डॉ. आर.के. गुप्ता भिलाई और श्री अम्बे हॉस्पिटल पावर हाउस के संचालक डॉ. शिवाजी प्रसाद द्वारा नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत 20-20 हजार रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया है। दण्डित जुर्माना राशि 5 दिवस के भीतर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग में संचालित नर्सिंग होम एक्ट शाखा में सुपरवाइजरी अथॉरिटी सी.जी. नर्सिंग होम एक्ट दुर्ग के नाम से जमा करना होगा।

## अपनी ही पार्टी में विरोध का सामना कर रहे कांग्रेस विधायक, समाज की अनदेखी का लगाया आरोप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जीपीएम।** विधानसभा चुनाव को अभी छह महीने शेष हैं चुनाव की तारीख की भी कोई घोषणा नहीं हुई है। मरवाही के विधायक डॉ. केके ध्रुव को अगला कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर उनकी ही पार्टी के आदिवासी कांग्रेसी नेता सहित सर्व आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि विरोध करने लगे हैं। उनको बाहरी आदिवासी व्यक्ति बताते हुए अपनी ओर से दूसरा प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर लामबंद हो गए। जबकि इन सब खींचतान से अलग विधायक केके ध्रुव इलाके में जनसंपर्क में लगे हुए हैं।



आदिवासी सीट मरवाही विधानसभा में चुनाव के पूर्व ही आदिवासी विधायक केके ध्रुव का विरोध आदिवासियों ने ही शुरू कर दिया है। सर्व आदिवासी समाज ने पूर्व विधायक पहलवान सिंह मरावी की अध्यक्षता में मीटिंग करते हुए सभी आदिवासी समाज के प्रमुख विधायक केके ध्रुव के खिलाफमुखर हो रहे हैं। और आदिवासी समाज की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आदिवासी नेताओं का कहना है कि हमें कांग्रेस पार्टी स्थानीय प्रत्याशी दे, वह किसी भी आदिवासी वर्ग का हो सकता है। हमें केके ध्रुव स्वीकार नहीं क्योंकि केके ध्रुव बाहर के हैं, इसलिए वह स्थानीय आदिवासियों के हितों को ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से जुड़ी जनहित याचिका की रद्द

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर दायर जनहित याचिका मामले को हाईकोर्ट ने निराकृत कर दिया है । व्यवस्था सुधारने स्वास्थ्य विभाग ने हाईकोर्ट के समक्ष शपथपत्र दिया था और राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता ने भी उपस्थित होकर आश्वासन दिया कि राज्य में चिकित्सा सेवाओं को सुचारू पूर्वक चलाया जाएगा। आनेवाले दिनों में जरूरतमंदों को उचित समय पर दवा और इलाज उपलब्ध हो सकेगा।



गौरतलब है कि बिलासपुर के जोरापारा निवासी हाईकोर्ट अधिवक्ता एसबी पाण्डेय ने समाचार पत्रों में प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की दयनीय स्थिति को लेकर हाईकोर्ट में एक पीआईएल दायर की थी। याचिका में मुख्य रूप से शासकीय अस्पतालों में डॉक्टर, स्टॉफ दवा, उपकरण की कमी, दवाई का कार्टन खुलने से पहले ही एक्सपायरी होने के कारण गरीबों को होने वाले नुकसान,उपयोगी होने के बावजूद सरकारी दवाओं को कचरे में फेंकने, सिम्स अस्पताल में लापरवाही आदि मुद्दों को उठाया गया था।

इसके अलावा अस्पतालों में मरीजों के साथ उचित व्यवहार न होना, उन्हें भर्ती करने से मना करने, मरीजों की आवश्यक जांच बंद होने सहित कई समस्याओं का भी उल्लेख किया गया। इससे पहले हाईकोर्ट ने पूर्व में प्रतिवादियों से जवाब तलब किया था। कोर्ट ने 11 मई 2023 के पूर्व राज्य के स्वास्थ्य विभाग के संचालक के शपथपत्र के माध्यम से वास्तविकता की जानकारी देने का निर्देश दिया था।

याचिका में सिम्स में लापरवाही के कारण मरीज की मौत का मुद्दा भी उठाया गया था। सिम्स के अधीक्षक सह संयुक्त संचालक ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर को समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के संबंध में लिखे गए पत्र की प्रति के साथ विस्तृत जानकारी दी। कोर्ट में स्वास्थ्य विभाग के संचालक का शपथपत्र प्रस्तुत कर बताया गया कि दवाइयों का दुरुपयोग रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

## हत्या के मामले में 25 ग्रामीणों को उम्र कैद, बेरहमी से पीट-पीटकर उतारा था मौत के घाट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने हत्या के 25 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों ने लाठी डंडा और ईंट से पीट-पीटकर शख्स को मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।



लोक अभियोजक विशाल तिवारी ने बताया की 12 जून 2020 को प्रार्थी होलीलाल ने सिटी कोतवाली जांजगीर में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि उनके बड़े भाई तेरसराम को अभियुक्त रामगोपाल के सहयोगी वाले गांव के माता चैरा के पास मारपीट कर रहे थे। वह सूचना पाकर गांव के माता चैरा के पास गया तो देखा कि उसके बड़े भाई तेरसराम को गांव के रामगोपाल साहू, गणेशराम साहू, प्रहलाद राव, गणेश्वर राव, जागेश्वरराव, सुकृतराव, प्रदीप, मुकुंद, असंत, अनुराधा, राहूल, मनीष, शिवनारायण, पालेश्वर साहू, कृष्णकुमार, प्यारेलाल, मुकेश, परमानंद, शनि, शैलेषसिंह, सुरेश, जागेश्वर केंवट, गीताबाई, प्रमिला, योगेश आदि सभी मारपीट कर रहे थे। वे सभी लाठी-डेंडे व ईंट पत्थरों से उनपर बेरहमी से वार कर रहे थे। तेरसराम को जिला अस्पताल जांजगीर ले जाया गया, जहां अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके आधार पर सिटी कोतवाली जांजगीर ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## ट्रैफिक सेफ्टी की धज्जियां उड़ाते ये पढ़े-लिखे जाहिल

श्रीकंचपनथ




भिलाई के टीआई मॉल चौक पर सामने लाल बत्ती थी। बड़ी गाड़ियां रुकी हुई थीं। आदत से लाचार पढ़े लिखे जाहिल दुपहिया सवार आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे। लगातार हार्न बजा रहे थे। पर अब शहरी आबादी हार्न की आवाज के प्रति बहरी हो चुकी है। वैसे सुन भी लेते तो क्या ही करते। जगह देने के लिए जगह तो थी ही नहीं। बहरहाल, बत्ती हरी हुई और वाहनों का रेला आगे बढ़ा। दाएं मुड़ने वाले सड़क की बाई ओर और सीधे जाने वाले दाहिनी ओर थे। एक दूसरे का रास्ता काटकर ही ऐसे निकलना संभव था। अभी गाड़ियां निकली ही थीं कि दाईं तरफसे दो तीन बाईक और स्कूटी पूरी रफ्तार से रेड लाइट जम्प कर आगे निकलीं। दो तो बाल-बाल बच गए पर तीसरा टकरा ही गया। भिलाई ही क्यों, छत्तीसगढ़ की सड़कों पर ऐसा रोज होता है। लोग जानबूझकर खतरों से खेलते हैं। इसमें उन्हें 'किक' मिलता है। वैसे तो 'किक' का शाब्दिक अर्थ लात होता है पर यह लात थोड़ी अलग किस्म की है, इसमें मजा आता है। साएं से, सुर्रर... से दूसरों के आगे निकल जाने का मजा ही कुछ और है। पर इसी तरह की बेजा हरकतों के कारण चौक-चौराहों पर रोजाना गाड़ियां ठुकती हैं। गाड़ियों का मुंह-नाक-आंख का फूटना तो होता ही है सवारों के भी हाथ पैर छिल जाते हैं। झगड़े भी होते हैं। गंदी जुबान में कुछ स्टैण्डर्ड मंत्र भी पढ़े जाते हैं। आंखें भी तरेरी जाती हैं। पर सरकार है कि समझती नहीं। उसे अब भी लगता है कि लोगों को नियम कानूनों की जानकारी देने की जरूरत है। इसके लिए उसने खास प्रबंध भी किये हैं। अब (?) बिना प्रशिक्षण के लाइसेंस नहीं मिलेगा। भारी वाहनों का लाइसेंस बिना दो दिवसीय प्रशिक्षण के रीन्यू नहीं होगा। निलंबित लाइसेंस को दोबारा जिंदा करने के लिए भी प्रशिक्षण लेना होगा। इसके लिए रायपुर में ITDR स्थापित की गई है। टीबी के मरीज को सर्दी खांसी की दवा दी जा रही है। अब सड़कों पर शायद ही कोई ऐसा होगा जिसे लाल-हरी-पीली बत्ती का मतलब समझ में न आता हो। पर वह आदत से लाचार है। सड़क हादसों में मरने वाले लोगों में दो तिहाई दुपहिया सवार होते हैं। अधिकांश दुपहिया वाहनों की अधिकतम उम्र 5-6 साल है। फिटनेस या आरसी का मुद्दा पैदा ही नहीं होता। ज्यादा से ज्यादा बीमा नहीं होगा या खीसे में लाइसेंस नहीं होगा। पर हादसों की वजह यह भी नहीं है। हादसों की मुख्य वजह है लोगों का बेपरवाह एटीट्यूड अर्थात नजरिया। इसे ठीक करने के लिए नियम तोड़ने वालों की गाड़ियां छीन कर नीलाम करनी होगी। फाइन या लाइसेंस निलंबन से इनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। साथ ही, नीलामी का यह पैसा पुलिस वेलफेयर फंड में और इसका एक छोटा हिस्सा गाड़ी पकड़ने वाले को दे दिया जाए तो सब को मोटिवेशन मिल जाएगा। लोग ट्रैफिक लाइट का सम्मान करना शुरू कर देंगे।



## संपादकीय

# टैक्स और राहत

अगर आप क्रेडिट या डेबिट कार्ड से विदेश पैसे भेज रहे हैं या विदेश में कहीं खर्च करने जा रहे हैं, तो आपको सजग हो जाना चाहिए। अभी उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत कोई व्यक्ति तय सीमा में पैसे विदेश भेज सकता है या खर्च कर सकता है, अब बदलाव यह हुआ है कि इंटरनेशनल क्रेडिट या डेबिट कार्ड से किए जाने वाले बड़े खर्च को इस योजना के तहत कर दिया गया है। सरकार ने पहले जो फैसला लिया था, उसके अनुसार, कार्ड से विदेश पैसे भेजने या खर्च करने वालों को 20 प्रतिशत तक कर या टीसीएस (टैक्स कलेक्टेड ऐट सोर्स) चुकाना पड़ता, लेकिन विरोध व अनुरोध के बाद सरकार ने सात लाख रुपये तक टैक्स मुक्त खर्च की मंजूरी दे दी है। इससे सात लाख तक खर्च करने वालों को राहत का एहसास होगा, लेकिन इससे ज्यादा खर्च करने वालों को टैक्स चुकाना पड़ेगा। वैसे तो रिटर्न दाखिल करने पर यह पैसा वापस मिल जाएगा, पर बहुत सारे लोग देश में ऐसे हैं, जो विदेश में करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, पर देश में न आयकर देते हैं और न रिटर्न फाइल करते हैं। ऐसे लोग क्रेडिट कार्ड के जरिये खर्च का लाभ उठा रहे हैं। निशाने पर शायद यही लोग हैं और सरकार इनसे 20 प्रतिशत टैक्स वसूल कर राजस्व जुटाना चाहती है। सरकार को लगता है कि नई टैक्स वसूली से केवल बेहद अमीर लोगों पर ही असर पड़ेगा, पर यह पूरा सच नहीं है। बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं, जो अपने बच्चों के लिए विदेश धन भेजते हैं। ऐसे लोग भी हैं, जो कड़ी मेहनत करके राशि बचाते हैं, ताकि कभी विदेश सफर पर जा सकें। नए टैक्स से ऐसे तमाम लोगों को अब सोचना पड़ेगा। क्या इस मानवीय पहलू पर सरकार ने पूरी तरह से विचार किया है? सरकार अपने नजरिये से तो टैक्स की छीजत रोकने के लिए प्रयासरत है, लेकिन क्या इस टैक्स के तमाम तकनीकी पहलुओं पर तार्किक ढंग से विचार कर लिया गया है? क्या इससे सरकार का राजस्व वाकई बढ़ जाएगा? क्या इससे बढ़ती टैक्स चोरी या हवाला जैसे स्याह कारोबार को बल नहीं मिलेगा? विदेश धन भेजने की योजना एलआरएस सुधारवादी है, जिसके तहत भारतीयों को एक तय सीमा तक विदेश में खर्च या निवेश करने की अनुमति पिछली सरकार के समय ही दी गई थी। प्रवासी भारतीयों या भारतवंशियों के लिए यह योजना हर तरह से अनुकूल है। हालांकि, अब न केवल कागजी कार्रवाई बढ़ने वाली है, बल्कि विदेश आने-जाने वालों की भी परेशानी बढ़ने वाली है। किसी चीज या लेन-देने की निगरानी का सही तरीका यह नहीं कि उस पर नया कर लगा दिया जाए। गौर करने की बात है कि क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल विगत वर्षों में आम लोगों के बीच भी बहुत बढ़ गया है। नीति के तहत ही क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया है और अब उसी पर लगाम की कोशिश विरोधाभास है। इससे कैशलेस लेन-देन को भी नुकसान पहुंचेगा। साल 2014 में भी भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा था कि वह कर आतंकवाद को खत्म करेगी। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने भी यही दोहराया था। बेशक, यह ताजा कदम समग्र पुनर्विचार की मांग करता है और कर छीजत रोकने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को कर के दायरे में लाने के अन्य तरीके भी आजमाए जा सकते हैं। साथ ही, यह हर भारतीय नागरिक का मूलभूत कर्तव्य होना चाहिए कि वह ईमानदारी से अपने हिस्से का कर अदा करे, ताकि सरकार को कर वसूली के प्रतिकूल उपाय न करने पड़ें।

> “ नए टैक्स से ऐसे तमाम लोगों को अब सोचना पड़ेगा। क्या इस मानवीय पहलू पर सरकार ने पूरी तरह से विचार किया है? सरकार अपने नजरिये से तो टैक्स की छीजत रोकने के लिए प्रयासरत है, लेकिन क्या इस टैक्स के तमाम तकनीकी पहलुओं पर तार्किक ढंग से विचार कर लिया गया है? क्या इससे सरकार का राजस्व वाकई बढ़ जाएगा? क्या इससे बढ़ती टैक्स चोरी या हवाला जैसे स्याह कारोबार को बल नहीं मिलेगा? विदेश धन भेजने की योजना एलआरएस सुधारवादी है, जिसके तहत भारतीयों को एक तय सीमा तक विदेश में खर्च या निवेश करने की अनुमति पिछली सरकार के समय ही दी गई थी।

## रूठा है तो मना लेंगे, दे के पद बहला लेंगे

देखो जी, जीत तो बड़ी थी। पर जीत बड़ी थी तो हार भी बड़ी थी। कोई छोटा क्यों रहे! जीत वाले इतराए तो हार वाले भी घबराए। वो कह रहे थे कि अब हम देखेंगे तो यह कह रहे थे कि अब यह दिन भी देखने होंगे। लेकिन सच है जी बड़ी जीत, बड़ी हार को जन्म देती है। और हार की कोख से ही जीत जन्मती है। जीत में भी और हार में भी सबक तो दोनों के लिए ही होते हैं, अगर कोई ले तो। यह सबक टीवी की प्राइमटाइम की बहसों के ज्ञानियों द्वारा दिए गए ज्ञान से अलग होते हैं। और जी यह कमाल तो टीवी वाले ही कर सकते हैं कि उन्होंने इस हार-जीत से भी बड़ा इस सस्पेंस को बना दिया कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा! क्योंकि हार-जीत का फैसला हो चुका था सो दर्शकों को इसी सस्पेंस से आनंदित होना था। टीवी वाले यह आनंद देने से चूके नहीं। उन्होंने इस बहस को भी भूतों वाली बहस से कम रोचक न रहने दिया। बस इस बीच टीवी पर हिंदू-मुसलमान ही नहीं हो पाया। इससे दर्शकों ने कुछ-कुछ वैसा ही फील किया होगा जैसे रोजाना की खुराक न मिलने पर फील होता है। अलबत्ता मौका पाकिस्तान ने भी खूब दिया और दर्शकों को रोजाना की खुराक न मिलने पर हताश नहीं होने दिया। वहां भी खूब सस्पेंस और थ्रिल था। वहां मेरे देश में फौजां ही फौजां टाइप की फौज थी, नेता था, जैसा भी था और न्यायालय भी तो था। कमी कहां थी।

खैर, इमरान खान की वहां की फौज को यह चुनौती भी खूब रही कि राजनीति करने का इतना ही शौक है भाई तो चुनाव ही लड़ लो। लेकिन चुनाव लड़वाने में जो मजा है, वह चुनाव लड़ने में कहां। किंग बनने में वो मजा थोड़े ही है जो किंगमेकर होने में है। खैर, पाकिस्तान की पाकिस्तान जाने। अब तो भाजपा वाले भी उसकी खोज-खबर नहीं लेते। वरना तो लोगों की उंगलियों को अपनी ओर उठती देखकर वे उन्हें हमेशा पाकिस्तान की ओर मोड़ देते थे। वो देखो पाकिस्तान में आटा सौ रुपये किलो बिक रहा है। और अब तो बजरंगबली ने भी वो नली तोड़ी है कि बेचारे भविष्य में भगवानों और देवी-देवताओं से आशीर्वाद लेते भी डरेंगे कि पता नहीं उनका मूड कैसा हो।

खैर जी, कर्नाटक ने टीवी वालों का पेट खूब भरा। हफ्ता भर तो सिर्फ इस सस्पेंस के सहारे निकाल दिए कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। टीवी वालों से लेकर भाजपा वालों को डीके शिवकुमार में एक और सचिन पायलेट नजर आ रहा था। दिल में बड़ी ठंडक-सी पड़ रही थी। वैसे भी कुनबा बड़ा हो तो संभालना मुश्किल होता है। बड़े कुनबे की तरह बड़ी जीत को संभालना भी मुश्किल होता है। फिर कांग्रेस को कांग्रेस होने का खमियाजा भी भुगतना पड़ता है, वरना साहब भाजपा में कोई चूं करके तो दिखा दे।

**सहीराम**

> “ निजी क्षेत्र भी बड़े स्तर पर निवेश करने की तैयारी कर रहा है। फिच ने कहा कि बढ़ी महंगाई, ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक स्तर पर मांग में कमी की बड़ी चुनौतियों के बीच भारत की आंतरिक वित्तीय स्थिति थोड़ी कमजोर जरूर है और प्रति व्यक्ति आय और विश्व बैंक के मानकों पर भी भारत थोड़ा फिसला है। लेकिन दूसरे देशों की तुलना में भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं काफी मजबूत हैं और विदेश से आने वाले वित्तीय संसाधन भी संतोषप्रद हैं।

# आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में अनुकूलताएं

जयंतीलाल भंडारी



इन दिनों प्रकाशित हो रही विभिन्न वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत की अनुकूल क्रेडिट रेटिंग का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। 18 मई को दुनिया की प्रमुख अमेरिका की एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की सॉवरिन रेटिंग स्थिर परिदृश्य के साथ दीर्घावधि के लिए 'बीबीबी-' और कम अवधि के लिए 'ए-3' रखी है। यह परिदृश्य बताता है कि भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और राजस्व में अच्छी वृद्धि राजकोष को मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही एसएंडपी ने उम्मीद जताई है कि भारत की वास्तविक वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 6 प्रतिशत रहेगी क्योंकि निवेश और उपभोक्ताओं का रुख वृद्धि में अगले कुछ साल तक मददगार रहेगा। ऐसे में वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

गौरतलब है कि 11 मई को प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक झटकों को इसलिए सरलतापूर्वक झेल जाएगा, क्योंकि भारत का चालू खाते के घाटे (सीएडी) में सुधार हुआ है। चालू खाते का घाटा कम अवधि की प्रमुख विदेशी देनदारी के रूप में पहचाना जाता है। इससे विनिमय दर और विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित होती है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 9 मई को वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की रेटिंग बीबीबी- बरकरार रखी है। दीर्घ अवधि के ऋण पर भारत का परिदृश्य स्थिर रखा है। रेटिंग निर्धारित करते हुए फिच ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में सरकार के सहयोग से कंपनियों और बैंकों के बहीखाते में काफी सुधार हुआ है और आधारभूत संरचना के विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र भी बड़े स्तर पर निवेश करने की तैयारी कर रहा है। फिच ने कहा कि बढ़ी महंगाई, ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक स्तर पर मांग में कमी की बड़ी चुनौतियों के बीच भारत की आंतरिक वित्तीय स्थिति थोड़ी कमजोर जरूर है और प्रति व्यक्ति आय और विश्व बैंक के मानकों पर भी भारत थोड़ा फिसला है। लेकिन दूसरे देशों की तुलना में भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं काफी मजबूत हैं और विदेश से आने वाले वित्तीय संसाधन भी संतोषप्रद हैं। निवेश की बेहतर संभावनाओं के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 6 फीसदी और वित्त वर्ष 2024-25 तक देश की आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 6.7 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

इसी प्रकार एक्यूट क्रेडिट रेटिंग्स एंड रिसर्च ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत के चालू खाते के घाटे से संबंधित अपने पूर्वानुमान को संशोधित किया है। इसे 106 अरब डॉलर से घटाकर 68 अरब डॉलर कर दिया है और भुगतान संतुलन घाटा भी पहले के 38 अरब डॉलर से घटाकर 17 अरब डॉलर कर दिया है। कहा गया है कि इस वर्ष कच्चे तेल का आयात बिल कम होने, निर्यात बढ़ने व प्रवासियों से विदेशी मुद्रा की अधिक प्राप्ति से भारत की वैश्विक साख बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है। वर्ष 2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 फीसदी से भी अधिक का योगदान देगा। जहां पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक रही है, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6.1 फीसदी के साथ फिर सर्वोच्च होगी। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक सामयिक मामलों के विभाग द्वारा प्रस्तुत 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2023' रिपोर्ट में भी भारत को उद्योग-कारोबार और निवेश के मद्देनजर विश्व का प्रमुख निवेश स्थल बताया गया है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत का बढ़ता विदेश व्यापार और निर्यात भारत की वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को संतोषप्रद बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आर्थिक अस्थिरताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का विदेश व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 1.6 लाख करोड़ डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का विदेश व्यापार 1.43 लाख करोड़ डॉलर रहा था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का विदेश व्यापार पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक ऊंचाई पर पहुंच सकता है। कहा जा रहा है कि भारतीय उत्पादों की मांग दुनियाभर में बढ़ रही है। भारत का वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 447.46 अरब डॉलर रहा है, जो एक साल पहले 422 अरब डॉलर था। साथ ही सेवाओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 322.72 अरब डॉलर रहा है, जो एक साल पहले 254.53 अरब डॉलर था। ऐसे में वित्त वर्ष 2022-23 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 770.18 अरब डॉलर की सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंच गया है।

बढ़ते हुए वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच भारत में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और खाद्यान्न का बढ़ता निर्यात भारत की दुनिया में आर्थिक व मानवीय साख बढ़ा रहा है। भारत विश्व पटल पर कृषि निर्यात के नए उभरते हुए देश के रूप में उपस्थिति दर्ज करते हुए मानवता के आधार पर दुनिया के जरूरतमंद देशों के लिए खाद्यान्न की आपूर्ति भी सुनिश्चित कर रहा है। भारत से खाद्य पदार्थों अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। सरकार के द्वारा कृषि क्षेत्र में ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया गया है। सरकार ने वर्ष 2021-22 में 50 अरब डॉलर से अधिक का कृषि निर्यात किया है, वह वर्ष 2022-23 में 56 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर है। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा प्रकाशित वैश्विक कृषि व्यापार में रुझान रिपोर्ट 2021 के मुताबिक दुनिया में कृषि निर्यात में भारत ने नौवां स्थान हासिल किया है।

यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है और भारत की वैश्विक आर्थिक साख संतोषप्रद है। लेकिन अभी भी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को सुधारने और उसे ऊंचाई देने के लिए कई बातों पर ध्यान देना जरूरी है। हमें देश की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना की रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ाकर देश की अर्थव्यवस्था को निर्यात प्रधान अर्थव्यवस्था बनाना होगा। दुनिया के विभिन्न देशों के साथ शीघ्रतापूर्वक मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को आकार देना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा डिजिटल रुपये की जो प्रायोगिक शुरुआत हुई है, उसे अब शीघ्रता से विस्तारित करना होगा।

**लेखक अर्थशास्त्री हैं।**

# सिर्फ कड़े कानून बनाने से नहीं बढ़ेगी डॉक्टरों की सुरक्षा

अक्सा शेख, एसोशिएट प्रोफेसर, एचआईएमएसआर



मैदान-ए-जंग में शहीद होने वाले सैनिकों की कहानियां हम सभी को दुखी कर जाती हैं। मगर कल्पना कीजिए, उस डॉक्टर की मृत्यु की, जो मरीज की जान बचाने की ड्यूटी के दौरान मार दी जाती है, और वह भी उसी व्यक्ति के हाथों, जिसका वह इलाज कर रही थी! यह वारदात 10 मई को केरल के कोट्टारक्कारा के एक तालुका अस्पताल में हुई, जब 25 वर्षीया हाउस सर्जन वंदना दास पर पुलिस हिरासत में आए एक घायल मरीज ने हमला बोल दिया और चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने शुरू में कहा, डॉक्टर ने इसलिए जान गंवाई, क्योंकि ऐसे हमलों से निपटने का अनुभव उनके पास नहीं था, लेकिन अब उन्होंने राज्य के स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अध्यादेश लाने पर सहमति जताई है। मगर इससे डॉक्टरों व मरीजों के बिगड़ते रिश्तों को पाटने में शायद ही कोई मदद मिल सके।

स्वास्थ्यकर्मियों और अस्पतालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस तरह की हिंसा के खिलाफ सख्त प्रावधानों वाले केंद्रीय कानून की मांग तो लंबे समय से हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस संदर्भ में एक कानून का प्रस्ताव रखा भी था, मगर गृह मंत्रालय ने ठुकरा दिया। उसका मानना है कि पेशेवरों के लिए अलग से कानून नहीं बनाए जा सकते और भारतीय दंड संहिता के मौजूदा प्रावधान ऐसी हिंसा से निपटने के लिए सक्षम हैं। हालांकि, कुछ राज्यों ने अपने तईं कानून बनाए हैं व डॉक्टरों पर हमलों से निपटने के लिए महामारी रोग अधिनियम के प्रावधानों का उपयोग किया है।

स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ हिंसा के मामले में कड़े कानून की डॉक्टरों की मांग जायज है। वैसे भी, सरकार हिंसा के उच्च जोखिम वाले कुछ पेशेवरों को वैधानिक कवच देती ही है, जैसे- पुलिसकर्मी, सशस्त्र बल और चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारी। इसके अलावा, जीने के अधिकार के रूप में प्रत्येक नागरिक को इस तरह की हिंसा से सुरक्षा मिलनी चाहिए, और ऐसा करने का एक तरीका खतरे का मूल्यांकन करके सुरक्षा मुहैया कराना होता है। जिन नागरिकों पर खतरा होता है, उनको अलग-अलग श्रेणियों की सुरक्षा दी भी जाती है। लिहाजा, यह कहना सही नहीं कि डॉक्टरों के लिए अलग से कानून बनाने से दूसरों के लिए भी कानून बनाना पड़ेगा।

सभी स्वास्थ्यकर्मियों पर समान खतरा नहीं होता। जोखिम का मूल्यांकन करते हुए सरकार को सुरक्षा मुहैया करानी चाहिए। मगर समस्या का समाधान महज इससे नहीं हो सकता। बेशक, चिकित्सा संघ कानून की मांग करता है, लेकिन हमें यह भी पता होना चाहिए कि यदि कानून का ईमानदारी से पालन न हो, तो अधिकाधिक कानून भी हमारी रक्षा नहीं कर सकते। इसीलिए, सख्त कानून को रामबाण इलाज नहीं मान लेना चाहिए। असल इलाज खोजने के लिए हमें स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ होती हिंसा के चरित्र का अध्ययन करना चाहिए। हिंसा के अधिकांश मामले भीड़भाड़ वाले व्यस्त सरकारी अस्पतालों और उच्च रोगी मृत्यु दर वाले आईसीयू में होते हैं। यहां आमतौर पर कर्मचारियों की कमी होती है। स्थिति यह होती है कि जूनियर डॉक्टर तीमारदारों से जूझते रहते हैं। यही डॉक्टर भीड़ को संभालने, रिश्तेदारों को बुरी खबर सुनाने और आईसीयू में बेड न होने जैसी सूचना देने आते हैं, यानी जिस काम के लिए खास कर्मियों को नियुक्त किया जाना चाहिए, वे इन डॉक्टरों के मत्थे मढ़ दिए जाते हैं, जिनको करने की ट्रेनिंग उनके पास नहीं होती। कल्पना कीजिए, 25 साल का कोई डॉक्टर 17 घंटे की ड्यूटी करने के बाद तीमारदारों को बता रहा है कि उनका मरीज अब नहीं बच सकता या इस दुनिया से जा चुका है, तो रिश्तेदारों का गुस्सा बढ़ जाता है और वे अपना धैर्य खो देते हैं। केरल उच्च न्यायालय ने उचित ही कोट्टारक्कारा की घटना को तंत्र की विफलता बताया है।

डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा हमारे स्वास्थ्य तंत्र के तमाम अंगों के नाकाम हो जाने का संकेत है। इसका इलाज आवश्यक है, यानी पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता, प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे की बेहतरी के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र में सुधार। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, तब तक डॉक्टर नाराज मरीजों और तीमारदारों के हाथों हिंसा का शिकार होते रहेंगे।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# दरिद्रनाथ की सेवा हो नायक की पहचान

आर.के. सिन्हा



सुधा नारायणमूर्ति की शख्सियत से कोई बिना प्रभावित हुए नहीं रह सकता। उन्होंने अपने गहने तक बेच डाले थे ताकि उनके पति एन. नारायणमूर्ति अपनी कंपनी खोल सकें। उन्होंने पति को पैसे देकर प्रेरित किया कि वे अपने हिस्से के आकाश को छू लें। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास सुधा मूर्ति जब कोई बात कहती हैं तो उसके पीछे उनके जीवन भर का अनुभव और दर्शन छिपा होता है। उन्होंने कुछ दिन पहले एक टीवी कार्यक्रम में उन लोगों को प्यार-प्यार में नसीहत दी जिनके लिए जीवन में धन ही सब कुछ होता है, पैसे के आगे शेष सभी चीजों को गौण मानते हैं वहीं जो उन स्त्रियों को भी दोयम दर्जे का ही मानते हैं जो साड़ी या सलवार-कमीज पहनती हैं। सुधा ने इस बाबत अपने साथ घटी एक घटना भी सुनायी।

दरअसल, पैसा कमाने में कुछ भी गलत नहीं है। अब लोग पैसा कमा भी बहुत रहे हैं। भारत में ही तमाम नये-नये अरबपति सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या हर वर्ष तेजी से बढ़ती चली जा रही है। पर किसी को सिर्फ इसीलिए तो आदर्श या नायक नहीं माना जा सकता कि उसने खूब सारा धन कमा लिया है। लेकिन, धन कमाकर उसका समाज व देश के लिए उपयोग किया जाना अहम जरूर माना जा सकता है।

सुधा मूर्ति अपने धन को सैकड़ों करोड़ रुपये के घरों के निर्माण में नहीं फूंकतीं। वे दस-बारह कारें नहीं रखतीं। उनके लिए ज्ञान और छपे हुए शब्दों का विशेष महत्व है।

हो सकता है आपने जितेन्द्र सिंह शंटी का नाम न सुना हो। पर वे किसी आदर्श से कम नहीं हैं। जबकि वे करोड़ोंपति भी नहीं हैं। उन्होंने कोरोना की दूसरी लहर के समय कोरोना रोगियों को बेड दिलवाने में दिन-रात एक कर दी थी। शंटी बीते 30 साल से राजधानी और इसके आसपास के शहरों में लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने अपने हाथों से सैकड़ों लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार किया है। शंटी ने 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। ऐसे ही करीब चार दशक से राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) से जुड़े हुए डॉ राजीव सूद की अगुवाई में कोरोना की पहली और दूसरी लहर में उनके अस्पताल ने हजारों कोरोना रोगियों का इलाज करके घर भेजा था। इसी क्रम में वे खुद भी कोरोना की चपेट में आ गए थे। लेकिन ठीक हुए तो फिर जुट गए मरीजों का इलाज करने में। उस कठिन काल में जो कोई भी आया उसे सेहतमंद करने के लिए आरएमएल के डॉक्टरों और नर्सों ने अपनी जान लगा दी थी। हालांकि वे खुद को श्रेय देने से बचते हैं। सिर्फ इतना कहते हैं कि हमने जो किया वह फर्ज था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 100 करोड़ कोरोना टीकों के लक्ष्य को हासिल करने के दौरान जब आरएमएल पहुंचे तो वहां डॉ. राजीव सूद और बाकी कोरोना वारियर्स से मुलाकात भी की थी। शंटी और डॉ. सूद का तो यहां पर उदाहरण दिया है। ये कोई करोड़ों के मालिक नहीं हैं। इन दोनों की तरह देशभर में सैकड़ों लोग नि:स्वार्थ काम कर रहे हैं। ये तब भी सक्रिय थे जब सारा देश कोरोना के कारण त्राहि-त्राहि कर रहा था व अब भी एक्टिव हैं। बेशक इन्हें वो पहचान नहीं मिलती जिसके ये हकदार हैं।

दरअसल, देश-दुनिया में आर्थिक उदारीकरण के बाद पैसे का महत्व बढ़ता ही जा रहा है। पैसा जरूरी है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। पर क्या पैसा मनुष्यता से भी बड़ा हो गया? नहीं न। ऐसे बहुत धनकुबेर हैं जो लोक कल्याण कार्यों में अठन्नी भी नहीं देते। बेशक सपरिवार किसी रेस्तरां में बैठकर डिनर करने में हजारों रुपये खर्च कर दें पर वे अपने आसपास किसी लाइब्रेरी को पचास रुपये भी दान नहीं देते। ये जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को किताबें मुफ्त देने की भी आवश्यकता महसूस नहीं करते। इन्हें लगता है कि सालाना टैक्स अदा करके ये अपने देश के प्रति दायित्व का निर्वाह कर लेते हैं। ये सोच सही नहीं मानी जा सकती है।

मैं तो उन्हें भी बहुत सम्मान देता हूं जो सुबह-शाम अस्पतालों के बाहर मरीजों और उनके परिवार वालों को भोजन करवा रहे होते हैं। ये भले लोग बिना किसी लाभ के दुखी का सहारा बन रहे होते हैं। दरअसल दीन-हीन का साथ देने के लिए हमेशा कोई बहुत पैसा वाला होना जरूरी नहीं। हरेक शहर में कुछ ऐसे अध्यापक मौजूद हैं जो निर्धन परिवार के बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

दरअसल, जरूरी है कि हमारा समाज सिर्फ उन लोगों को ही महत्व न दे जो मोटा पैसा कमा चुके हैं। हां, अगर धनी इंसान शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी अपने धन का कुछ हिस्सा दे रहा है तो उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। तुलसीदास, कबीर व गुरु नानक के दौर में भी भारत में कई धनी लोग थे, और राजा भी थे। उन्हें कौन याद करता है। पर इन संतों के प्रति हरेक भारतीय के मन में आदर का भाव है। दरअसल, भारत में दरिद्रनाथ की सेवा करने वालों को सदैव सम्मान मिलता रहा है और भविष्य में भी ऐसे ही मिलता रहेगा।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### आधार व आयुष्मान अपग्रेड करने के लिए वार्डों में लगाया जा रहा है शिविर

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के सीमा क्षेत्र अंतर्गत तिथिवार हर वार्ड में कम से कम दो दिन शिविर लगाए जा रहे हैं इससे आयुष्मान कार्ड/आधार कार्ड बनाने,पेंशन पाने सहित अन्य जरूरी काम में सुविधा मिलेगी। 10 साल पहले जिन्होंने अपना आधार बनवाया था,उन्हें आधार अपग्रेड करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। पिछले कुछ दिनों पहले शिविर में आधार कार्ड की शुरुआत की गई है।वार्डो में नियमित रूप से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।आधार कार्ड/आयुष्मन कार्ड/ आधार कार्ड अपग्रेड करने के लिए वार्डों में शिविर लगाया जा रहा है।दिनाँक 20 व 22 मई दिन शनिवार व सोमवार को दो दिवसीय सिधी धर्मशाला स्टेशन रोड में वार्ड 23,24,25 व 26 के लिए,यादव छात्रावास बांसपारा में वार्ड 27,28 एवं 29 के लिए और दिगम्बर धर्मशाला सदर बाजार में वार्ड 30,31 और 32 के लिए,इसके अलावा दिनाँक 23 एवं 24 मई को सरदार वल्लभ भाई पटेल शनिचरी बाजार में वार्ड 33,34,35 और 36 के लिए,सामुदायिक भवन मीलपारा पानीटंकी के पास गंजपारा में वार्ड 37,38 एवं 39 के लिए,कसारीडीह प्राथ,शाला सांईमंदिर के सामने में वार्ड 40,41,42,43 और 44 के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक धमधा के कृष्णा पैलेस में विशेष जनसंपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक प्रेम प्रकाश पांडेय, सहसंयोजक दयावंत बांधे, लोकसभा सांसद विजय बघेल की विशेष उपस्थिति एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के द्वारा आगामी विशेष जनसंपर्क अभियान एवं अन्य कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर विशेष जनसंपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि विश्व एवं देश के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल को हम देखते हैं तो नजर आता है कि देश कितना सशक्त और आत्मनिर्भर बन चुका है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस 9 साल के बेमिसाल कार्यकाल को जनता के बीच विशेष जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लेकर जाना है। हम सोचते हैं कि हम कार्यक्रम क्यों करते हैं कार्य और क्रम अर्थात कार्य करना और उसे क्रमबद्ध करना।

### कलेक्टर ने लगाई पेड़ की छांव में चौपाल

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बास्तानार विकासखण्ड के ग्राम लालागुड़ा के राऊतपारा में पेड़ की छांव में चौपाल लगाया। चौपाल में कलेक्टर ने ग्रामीणों से गांव की समस्याओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। ग्रामीणों के बीच कलेक्टर जब पहुंचे तो ग्रामीणों ने खुशी से पारम्परिक तरीके से उनका स्वागत किया। कलेक्टर ने स्थानीय बोली और अपने गृह प्रदेश कर्नाटक के बोली के मध्य समानता को बताते हुए ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी समस्या और मांगों पर चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि रोजगार के अवसर ग्राम स्तर उपलब्ध हैं। तथा ग्रामीणों को रोजगार की तलाश के लिए अब अन्य राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं है। हमारे गांव की महिलाएं स्व-सहायता समूह के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त कर रहीं हैं और आर्थिक विकास कर रहीं है। गांव के युवा और पुरुष वर्ग भी शासन की योजनाओं का लाभ लेकर रोजगार के अवसर प्राप्त करें।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रामवनगमन पर्यटन परिपथ विकसित कर इस पुण्यभूमि को संवारने की अनुपम पहल की

# सीतामढ़ी हरचौका: छत्तीसगढ़ में सबसे पहले माता सीता ने मवई नदी में पखारे थे पांव, स्थापित की थी रसोई

## छत्तीसगढ़ के लोगों ने सहेजकर रखी हैं भगवान श्रीराम से जुड़ी स्मृतियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में सीतामढ़ी हरचौका ऐसी जगह है जहाँ वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम और माता सीता के कदम छत्तीसगढ़ में पड़े थे और यह भूमि पुण्यभूमि हो गई। मवई नदी में माता सीता ने पैर पखारे। वनवास के दौरान अपना आरंभिक समय प्रभु श्रीराम ने यहीं बिताया और माता सीता और भ्राता लक्ष्मण ने उनका साथ निभाया। माता सीता ने यहां रसोई बनाई और इस वनप्रदेश में भगवान श्रीराम की गृहस्थी बसी। भगवान श्रीराम से जुड़े इस पुण्यस्थल के बारे में स्थानीय जनश्रुतियां तो थीं लेकिन श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन नक्शे में इस जगह की जानकारी थी।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने रामवनगमन पर्यटन परिपथ बनाने की पहल की ताकि यहाँ आने वाले स्थानीय श्रद्धालुओं को भी जरूरी सुविधा मिल सके और देश-विदेश में बसे राम भक्त उन तक पहुंचे। अब यह सुंदर पुण्यस्थली भक्तों के लिए पूरी तरह तैयार है। इसका वैभव और इसका आध्यात्मिक महत्व अब लोगों के लिए सहज उपलब्ध है। भगवान श्रीराम और माता सीता से जुड़ी इस सुंदर पुण्य भूमि की गुफाओं में 17 कक्ष हैं। इस स्थान को हरचौका कहा जाता है और सीता की रसोई के नाम से भी लोग इसे जानते है।

### सीतामढ़ी हरचौका

भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास काल का अधिकांश समय दण्डकारण्य में व्यतीत हुआ। वनवास काल में भगवान श्रीराम, पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ जहां-जहां ठहरे, उनके चरण जहां पड़े, ऐसे 75 स्थानों को चिन्हांकित किया गया है। इनमें से प्रथम 09 स्थानों को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की शुरुआत छत्तीसगढ़ सरकार ने की है। राम वनगमन पर्यटन परिपथ परियोजना की शुरूआत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 'सीतामढ़ी हरचौका' नामक स्थान से होती है। मवई नदी के किनारे स्थित सीतामढ़ी हरचौका, दण्डकारण्य का प्रारंभिक स्थल है, जहां से वनवास काल के दौरान भगवान श्री राम का आगमन छत्तीसगढ़ की धरती पर हुआ था। सीतामढ़ी- हरचौका के पुरातात्विक महत्व को संरक्षित करने के लिए इस परिपथ के प्रमुख स्थलों का पर्यटन तीर्थ के रूप में विकास किया जा रहा है।

### शिलाखंड पर भगवान राम के पदचिन्ह

सीतामढ़ी हरचौका में विशाल शिलाखंड स्थित है, जिसे लोग भगवान राम का पद चिन्ह मानते हैं। लोक आस्था और विश्वास के कारण लोग शिलाखंड की पूजा-अर्चना करते है। प्रभु राम के पदचिन्ह का पुरातात्विक महत्व होने के कारण इस पर शोध कार्य भी जारी है। छत्तीसगढ़ में राम लोक मानस में बसे हैं। यह सुखद संयोग है कि छत्तीसगढ़ में उनसे जुड़े अनेक स्थान हैं जो उनके प्रसंगों को रेखांकित करते हैं। वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भगवान राम ने वनगमन के समय हमेशा समाज के वंचित वर्ग को गले लगाया।

### पर्यटन तीर्थ के रूप में विकास

सीतामढ़ी-हरचौका को लोक आस्था के केन्द्र के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। नदी के घाट का सौंदर्यकरण चल रहा है। यहां पर्यटकों के ठहरने के लिए आश्रम भी निर्माणाधीन है और खान-पान की व्यवस्था के लिए कैफेटेरिया भी बनाया जा रहा है। यहां से भगवान राम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा भी नजर आएगी।

### कैसे पहुंचे सीतामढ़ी हरचौका

राजधानी रायपुर से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ की दूरी लगभग 400 किमी. है और सड़क मार्ग से सीधे हरचौका पहुंच सकते है। राजधानी रायपुर से यहां पहुंचने के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध है जो बैकुंठपुर रोड स्टेशन तक जाती है। यहां से लगभग 170 किमी. की दूरी पर सीतामढ़ी-हरचौका स्थित है। बैकुंठपुर रोड स्टेशन से सीतामढ़ी- हरचौका जाने के लिए टैक्सी सेवा भी उपलब्ध है।

# देश की कला संस्कृति को नई पीढ़ी के लिए बचाने रहें दृढ़ संकलिपत: विजय बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। रंगमंच एवं ललित कलाओं को समर्पित संस्था संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के बैनर तले राष्ट्रीय वैचारिक संगोष्ठी एवं लोककला साधक सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को सुबह से लेकर देर रात तक इंजीनियर भवन सिविक सेंटर में किया गया । इस महत्वपूर्ण आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित देशभर के विभिन्न राज्यों के ख्यातिलब्ध कलाकारों को सम्मानित किया गया।



सुबह उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। आयोजन की शुरुआत संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुई। सभा को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि अपनी संस्कृति और अपनी कलाओं को संरक्षित करते हुए दिशा देने में संस्कार भारती का कार्य विशिष्ट है। उन्होंने उपस्थित कलाकारों का आह्वान किया कि भविष्य की पीढ़ी के लिए हमारी लोक कला संस्कृति को पुष्पित-पल्लवित करने दृढ़ संकल्पित रहें। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे पद्मश्री अजय मंडावी ने भी सभा को संबोधित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि बृजेश बिजपुरिया अध्यक्ष भिलाई भाजपा, स्वीटी कौशिक अध्यक्ष महिला मोर्चा भिलाई , राजूलाल नेताम अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति भिलाई ने भी संबोधित किया। उद्घाटन सत्र में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष पद्मश्री डा. राधेश्याम बारले ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आयोजन के माध्यम से लोककलाओं के संरक्षण और संवर्धन हेतु प्रयास किया जाएगा। स्वागत गीत अमृता बारले ने प्रस्तुत किया।

इसके बाद बी एल कुर्रे एव साथी द्वारा भजन, जय बूढ़ादेव आदिवासी नृत्य कोदवा जिला गंडई, छुईखदान, खैरागढ़, द्वारा जय गड़िहा आदिवासी मांदरी गेड़ी नृत्य धमतरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत ''लोककला में भारतीय परिवार व्यवस्था का महत्व'' विषय पर डॉ योगेंद्र चौबे ,प्रांतीय उपाध्यक्ष संस्कार भारती ने अपने विचार रखे।

दोपहर 12,30 बजे, पंथी नृत्य, लोकधारा पंथी दल अहिवारा ग्रुप की ओर से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद ''लोक कला और पर्यावरण'' विषय पर वक्ता,डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही दुर्ग ने अपने विचार रखे। दोपहर 2,30 बजे लोक मंच लोक रागिनी के रिखी क्षत्रिय एवं साथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद 3,30 बजे ''लोककला की परंपरा एवं सामाजिक समरसता'' विषय पर अखिल भारतीय लोककला सह संयोजक निरंजन पंडा ने अपनी बात रखी।

शाम 4,15 बजे आदिवासी दण्डावी गौर माड़िया नृत्य गुडिया पारा किलेपाल जगदलपुर की टीम ने प्रस्तुत किया। शाम 4,30 बजे ''भारतीय लोक संस्कृति के संरक्षण संवर्धन में संस्कार भारती का योगदान'' विषय पर मध्यक्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख अनिल जोशी मुख्य वक्ता थे।

शाम 5 बजे के सत्र में मुख्य अतिथि विष्णु देव साय, पूर्व केंद्रीय मंत्री थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रयासों से ही हमारी मूल संस्कृति की रक्षा हो पाएगी। अध्यक्षता पद्मश्री डॉ भारती बंधु, पद्मश्री मदन चौहान, डॉ गंभीर सिंह ठाकुर,पूर्व सी एम एच ओ दुर्ग, नंदिनी नेताम अध्यक्ष बेटी बचाओ बेटी बढ़ाव गरियाबंद और उमेश चितलांगिया समाज सेवी उद्योगपति ने भी अपनी बात रखी।

# नगर निगम ने किया दुकानों के सामने सफेद पेंट से मार्किंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम के सीमा क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा मार्केट में बाजार विभाग की टीम द्वारा बाजार व्यवस्था को लेकर आज भ्रमण किया गया भ्रमण के दौरान अग्रवाल मिष्ठान भंडार से लेकर बर्तन दुकान वाली लाइन के व्यापारियों को अपने दुकान की सीमा तब व्यवसाय करने की हिदायत दी गई।

सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों से जुर्माना वसूल की जावेगी ऐसी चेतावनी दी गई दुकानों के सामने रोड पर पेंट से मार्किंग किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी व बाजार अधिकारी जावेद अली,सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, ईश्वर वर्मा, और शशिकांत यादव,बलदाऊ पटेल जुगल किशोर ठाकुर आदि मौजूद थे। जावेद अली ने निरीक्षण के दौरान इद्रीरा मार्केट क्षेत्र सड़क किनारे अवैध रूप से ठेला गुमटी एवं गन्ना मशीन व्यवसाईयों को गंदगी पाए जाने पर जुर्माना लिया जाएगा सड़क किनारे फल ठेला न लगाने की हिदायत दी गई।




# प्लांट गैरेज द्वारा दो डोजरों का आंतरिक संसाधनों से संधारण व पुनर्निर्माण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लांट गैरेज द्वारा दो डोजरों की मरम्मत की गई, जिसमें प्लांट गैरेज के आंतरिक संसाधनों के उपयोग से सुधार कार्य कर पुन: इन डोजरों को उपयोग में लाने योग्य बनाया गया। बीडी-355 (डोजर संख्या- 129, एसपी-2) जिसकी कमीशनिंग तिथि 12 दिसम्बर 2008 थी।

जिसका ब्रेकडाउन 16 अप्रैल 2022 को हुआ था। बीडी- 155 (डोजर संख्या- 142, एमसीएचपी-2 स्टॉक 2) जिसकी कमीशनिंग तिथि 29 अप्रैल 2015 थी और ब्रेकडाउन 22 सितम्बर 2022 को हुआ था। इन दोनों डोजरों में इंजन सम्बन्धी समस्याएं थी, जिसे बहुत ही कम लागत में लागत-लाभ विश्लेषण प्रणाली प्रक्रिया का उपयोग करते हुए किया गया।

इन डोजरों के पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद दिनांक 19 मई 2023 को श्रीफल तोड़कर पुन: उपयोग हेतु इंजन को चालू करके किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (मेकैनिकल) एस के गजभिये उपस्थित रहे। यह सम्पूर्ण कार्य महाप्रबंधक प्रभारी (प्लांट गैराज) बी डी बाबू, महाप्रबंधक (प्लांट गैरेज) संतोष जॉर्ज, महाप्रबंधक प्रदीप्तो भौमिक के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ प्रबंधक (प्लांट गैरेज) ललित यादव की देखरेख में संपन्न हुआ।

साथ ही उल्लेखित अधिकारियों के अलावा इस अवसर पर मास्टर टेक्नीशियन (प्लांट गैरेज) आर वी एन मोहन उपस्थित थे, जिनका इस डोजर रिवैम्पिंग में विशेष योगदान रहा। इस सराहनीय कार्य को मेकैनिकल विभाग में सीनियर टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत भीमराव सावरकर तथा ओमलाल नायक की समर्पित टीम ने पूर्ण सुरक्षा के साथ संपन्न किया। इलेक्ट्रिकल कार्य की जिम्मेदारी चार्ज मैन एस के गुप्ता पर थी। वेल्डिंग के लिए वेल्डर के के बंजारे सहित इस कार्य में सहयोगी सभी अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। बीडी-355 में इंजन की ओवरहॉलिंग, माइनर ट्रांसमिशन रिपेयर, अंडर कैरिज रिपेरिंग, हाइड्रोलिक सिस्टम ओवरहॉलिंग, केबिन और क्रॉलिंग रिपेरिंग, नयी इलेक्ट्रिकल वायरिंग तथा विविध पुर्जों का कार्य किया गया। बीडी- 155 (डोजर संख्या-142) में नये इंजन की माउंटिंग, हाइड्रोलिक सिस्टम में संशोधन, माइनर ट्रांसमिशन रिपेयर, अंडर कैरिज रिपेरिंग, हाइड्रोलिक सिस्टम ओवरहॉलिंग, केबिन और क्रॉलिंग रिपेरिंग, नयी इलेक्ट्रिकल वायरिंग तथा विविध पुर्जों का कार्य किया गया।

ऊँ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



## खास खबर...



### कलेक्टर ने अभनपुर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया

रायपुर (ए)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे जिले के सभी विकासखण्डों में किए जा रहें विकास कार्यों का अवलोकन कर रहे हैं। इसी तारतम्य में शुक्रवार को अपने आकस्मिक निरीक्षण भ्रमण के दौरान कलेक्टर अभनपुर विकासखण्ड के स्वास्थ्य केन्द्र उपरवारा पहुंचे। उन्होंने वहां परिसर की साफ-सफाई, दवाई की उपलब्धता मरीजों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं तथा ओपीडी सेवाओं आदि का निरीक्षण किया और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने तथा डाक्टारों को सही समय में उपस्थिति के निर्देश दिए। उन्होंने लैब में टेक्नीशियन की नियुक्ति के संबंध में भी चर्चा किया।कलेक्टर डॉ. भुरे ने ग्राम खण्डवा में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एजेन्सी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला में किए रहे स्कूल मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते हुए समस्त कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मनरेगा अंतर्गत कोलियारी नरवा के अंतर्गत किए जा रहे परकोलेशन टैंक एवं चेकडेम इत्यादि कार्य का निरीक्षण किया गया। चर्चा के दौरान स्व सहायता समूहों के महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि यह क्षेत्र पूरी तरीके से सुखा था। इस संरचना का निर्माण करने से पानी का ठहराव हुआ है। जिसका उपयोग सब्जी, बाड़ी एवं चारागाह में सिचाई हेतु उपयोग किया जा रहा है। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि पूर्व में स्थापित बोरवेल में पानी सुख चुका था परन्तु वर्तमान में बोरवेल से भी पानी का उपयोग किया जा रहा है। निर्मित संरचना एवं फायदे को देखकर कलेक्टर द्वारा खुशी जाहिर की गई। कलेक्टर डॉ. भुरे ने शासन के निर्देशानुसार 21 मई को रविवार एवं 20 मई को शनिवार का अवकाश होने के कारण आज 19 मई को सबेरे 11 बजे आतंकवाद विरोधी दिवस संबंधी शपथ दिलाई। कलेक्टर ने ग्राम कठिया के गौठान का निरीक्षण किया गया।

### रोजगार कार्यालय द्वारा 22 मई को आयोजन किया जा रहा है जॉब फेयर

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 मई को जिला रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सबेरे 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक जॉब फेयर आयोजित है। जिला रोजगार विभाग रायपुर के उप संचालक ने बताया कि जॉब फेयर के माध्यम से विनय टेकरजु प्रा0लिमिटेड एवं अपीयर टेक्स एण्ड रजिस्ट्रेशन, रायपुर द्वारा कुल 77 पदों पर बी.ई./बी.टेक (किसी भी ब्रांच में), स्नातक (किसी भी संकाय में), एम.बी.ए. एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण योग्य आवेदकों की भर्ती 10 हजार से 40 हजार रुपये प्रतिमाह की दर पर की जानी है। उन्होंने यह भी बताया कि जॉब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदाः 20 हजार लोगों की 31 हजार एकड़ भूमि वृक्षारोपण के लिए पंजीकृत

## किसानों की बढ़ रही रूचिः अब तक 23 हजार से अधिक कृषकों ने वृक्षारोपण के लिए दी सहमति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' लागू की गई है। वन विभाग द्वारा अब तक 20 हजार 296 हितग्राहियों के 31 हजार 100 एकड़ निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य में वृक्षों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए यह योजना लागू की गई है। योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है।



वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना में किसानों द्वारा विशेष रूचि दिखाई जा रही है। राज्य में योजनांतर्गत अब तक 20 हजार से अधिक कृषकों का पंजीयन हो चुका है, परन्तु 23 हजार से अधिक हितग्राहियों द्वारा लगभग 36 हजार एकड़ निजी भूमि में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत वृक्षारोपण के लिए सहमति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत अब तक पंजीकृत रकबा में टिशू कल्चर सागौन के लिए 2 हजार 600 एकड़, साधारण सागौन- 5 हजार एकड़ तथा टिशू कल्चर बांस के लिए 600 एकड़ शामिल है। इसके अलावा साधारण बांस-700 एकड़, क्लोनल नीलगिरी-18000 एकड़, चंदन-1300 एकड़, मिलिया डूबिया-825 एकड़ सम्मिलित है।

### राज्य में योजनांतर्गत 30 हजार एकड़ से अधिक रकबे में वृक्षों का होगा रोपण

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत राज्य में इस वर्ष विभिन्न प्रकार के प्रजाति के वृक्ष का 30 हजार एकड़ से अधिक रकबे में रोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी पात्र होंगे। इसके अलावा शासकीय, अर्धशासकीय तथा शासन के स्वायत्व संस्थान जो अपने स्वयं के भूमि पर रोपण करना चाहते हैं, पात्र होंगे। इसी तरह निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें, भूमि अनुबंध धारक, जो अपने भूमि में रोपण करना चाहते हैं, वे पात्र होंगे। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। इसके तहत राज्य के सभी कृषकों, शासकीय, गैर शासकीय, अर्धशासकीय, पंचायतें, अथवा स्वायत्व संस्थानों की भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षारोपण उपरांत सहयोगी संस्था, निजी कंपनियों के माध्यम से निर्धारित समर्थन मूल्य पर वनोपज के क्रय की व्यवस्था करते हुए एक सुदृढ़ बाजार व्यवस्था आदि सुनिश्चित करना है।

# बिना एजेन्ट-ब्रोकर-दलाल के सीधे आरडीए से संपत्ति खरीदेंः सुभाष धुप्पड़

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन ने अपनी संपत्तियों के विक्रय हेतु एजेन्टों, दलालों या ब्रोकरों व्दारा आम जनता को भ्रमित कर मोटा कमीशन ले कर लोगों को अपनी पसंद का फ्लैट् या अन्य संपत्तियां उपलब्ध कराने की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने लगातार आ रही शिकायतों के फलस्वरुप ऐसे लोगों की शिकायत आने् पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण कार्यालय में कई जनप्रतिनिधियों, प्राधिकरण के उपाध्यक्षव्दय और संचालक मंडल के सदस्यों तक एजेन्टों व्दारा आवेदकों को मनचाहा फ्लैट व प्लॉट दिलाने के नाम पर मोटी राशि वसूल करने की शिकायतें आ रही है।

प्राधिकरण को लोगों की लगातार यह जानकारी मिल रही है कि एजेन्ट व दलाल लोगों से यह दावा करते हैं कि वे रायपुर विकास प्राधिकरण की कमल विहार व इंद्रप्रस्थ रायपुरा योजना में जो चाहो वह फ्लैट दिलवा देगें। उनकी आरडीए ऑफिस में अंदर तक पहुंच है। ऐसे एजेन्ट आवेदकों को यदि फ्लैट् आवंटित हो जाता था तो कहते हैं कि हमने दिलवा दिया और फ्लैट न मिलने पर आनाकानी करते हुए ही आवेदकों को उनके राशि बड़ी मुश्किल से वापस लौटाते है। कई लोगों को वे राशि देते ही नहीं।

प्राधिकरण प्रशासन ने आवेदकों से यह अपील की है कि वे किसी भी एजेन्ट, ब्रोकर,दलाल के पास ना जाए और ना ही बहकावे में आएं। जिनको भी कमल विहार, इन्दप्रस्थ रायपुरा, बोरियाखुर्द या अन्य किसी योजना में संपत्ति लेना हो वे सीधे प्राधिकरण कार्यालय के मार्केटिंग शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क उपलब्ध संपत्तियों की जानकारी लें। यहां आवेदक संपत्तियों की जानकारी के अलावा आवेदन पत्र भरने और आवंटन की पूरी प्रकिया की जानकारी ले सकता है। प्राधिकरण व्दारा इन दिनों अपने विज्ञापनों में एक विशेष सूचना भी जारी कर रहा है। जिसमें यह कहा गया है कि आरडीए की विक्रय की जाने वाली सभी संपत्तियो के लिए कोई भी एजेन्ट, दलाल या ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई। फ्लैट्स, प्लाट, दुकानों व अन्य सभी विक्रय की जाने वाली संपत्तियों के संबंध में आरडीए कार्यालय में मार्केटिंग शाखा से संपर्क करें।

प्राधिकरण के अध्यक्ष धुप्पड़ ने आगे कहा कि दरअसल सच्चाई यह है कि रायपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में निविदा व कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से फ्लैट्स, प्लॉट, दुकानों व डुप्लेक्स आवासों का आवंटन किया जाता है। निविदा में आवंटन उसे प्राप्त होता है जिसने ऑफसेट दर के बराबर अथवा उससे अधिक राशि का प्रस्ताव भरा हो। लॉटरी व निविदा प्रक्रिया के दौरान राजस्व तकनीकी व मार्केटिंग शाखा के वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी की देखरेख तथा आवेदकों व उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आवंटन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपादित होती है। इसीलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी की गुंजाईश नहीं है। प्राधिकरण प्रशासन का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति के पास आवंटन के संबंध में किसी अनियमितता या गड़बड़ियों के बारे में कोई प्रमाण है तो वे उसे प्राधिकरण कार्यालय को दें ताकि ऐसे गलत व्यक्तियों के विरुध्द प्राधिकरण व्दारा पुलिस में शिकायत की जा सके।

# मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा चलाएगी विशेष जनसंपर्क अभियान

### कार्यसमिति बैठक में बृजमोहन ने दी अभियान की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर (ए)।** जिला भाजपा रायपुर ग्रामीण एवं शहर जिला भाजपा रायपुर की कार्यसमिति बैठक अलग-अलग सत्रों में जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रायपुर लोकसभा के प्रभारी, पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा हस्ताक्षर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल 9 वर्ष पूर्ण हो चुके है। उनके नेतृत्व में देश की प्रगति देखते ही बन रही। भारत दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गई है। पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत की प्रतिष्ठा दुनिया में बड़ी है। मोदी सरकार के काम को प्रत्येक भारतवासी महसूस कर रहा है क्योंकि विकास का प्रकाश आज हर किसी के पास पहुंच रहा है।

बृजमोहन ने कहा कि इन बीते 9 वर्षो की उपलब्धियों से जन-जन को अवगत कराने के उद्देश्य से पार्टी संगठन विशेष जनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक चलेगा। जिसके तहत 11 कार्यक्रम लोकसभा स्तर की तथा 6 कार्यक्रम विधानसभा स्तर के किए जाएंगे।

कार्यक्रम के संबंध में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि 29 मई को संगठन के वरिष्ठ नेता राजधानी रायपुर में पत्रकार वार्ता लेंगे, इस दौरान प्रदेशों की राजधानी में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के साथ संवाद किया जायेगा। 30-31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महा अभियान लांच रैली को संबोधित करेंगे। पश्चात अभियान की शुरुआत होगी।

1 जून से 22 जून तक के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत हर लोकसभा के 250 विशिष्ट परिवारों से संपर्क किया जाएगा। जिसमें शहीदों के परिवार, खिलाड़ी, कलाकार, उद्योगपति, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ताओ व उनके परिवारों से भेट की जायेगी। इन तारीखों में लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा का भी आयोजन होगा। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय नेता व केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। 25 जून (आपातकाल लगाने की तारीख) को लोकसभा स्तरीय प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से यह बताया जाएगा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र को कैसे नष्ट किया था। यह आयोजन लोकसभा क्षेत्र के मुख्य विधानसभा में होगा। भाजपा सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मीट का भी आयोजन करेगी। जिसमें सोशल मीडिया के प्रमुख इनफ्लुएंसर के साथ संवाद होगा। लोकसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन किया जायेगा। लोकसभा स्तरीय विकास तीर्थ भी आयोजित होगा जिसमें केंद्रीय नेता शामिल होंगे। जिसके तहत क्षेत्र के किसी एक प्रमुख विकास स्थल पर जाना सुनिश्चित होगा इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं प्रदेश की मीडिया को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में 174 पदों पर होगी संविदा नियुक्ति

### आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला अन्तर्गत 06 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय हेतु 09 मई को विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसके लिए दिनांक 20 मई 2023 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

इस तरह छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के आदेश 16 मई 2023 के तहत जिला रायपुर अन्तर्गत नवीन 05 विद्यालयों स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा एवं गनियारी विकासखण्ड तिल्दा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय खोरपा विकासखण्ड अभनपुर, अनंत राम बर्छिहा अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय चंदखुरी विकासखण्ड आरंग और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बरबंदा विकासखण्ड धरसींवा को स्वामी आत्मानंद विद्यालय घोषित किया गया है। उक्त प्रत्येक विद्यालय के लिए 24 पद स्वीकृत किये गये है अर्थात् कुल 120 पदों एवं पूर्व में जारी 54 पदों की संविदा भर्ती हेतु आवेदन तिथि में वृद्धि करते हुए 31 मई शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।आवेदक अपना आवेदन सीधे स्पीड पोस्ट,पंजीकृत डाक या कुरियर द्वारा कार्यालय प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, एन. एच. एम. एम.आई. अस्पताल के पास लालपुर रायपुर, पिन कोड 492015 के पते पर भेज सकते है। आवेदन पत्र प्रारूप वेबसाईड https://raipur.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। उपरोक्त पद हेतु जिले के पूर्व में जारी संविदा भर्ती विज्ञापन 9 मई 2023 के शैक्षणिक योग्यता,चयन प्रक्रिया,नियम एवं शर्ते पूर्ववत रहेंगे। जिन आवेदकों ने जिले के संविदा भर्ती के लिए 9 मई 2023 में प्रकाशित विज्ञापन में आवेदन किया है। उन्हे पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नही है, क्योकि चयन प्रक्रिया एक साथ पूरी की जायेगी।




नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

















# गांव वालों के लिए एलियन जैसा है डिप्रेशनः नवाजुद्दीन सिद्दीकी



**अपने अभिनय के लिए चर्चा में रहने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता इस समय अक्सर अलग-अलग मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रख रहे हैं। इसी क्रम में हाल ही में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने डिप्रेशन पर बात की है। अभिनेता ने इस बीमारी को लेकर बड़ी बात कहते हुए कहा कि डिप्रेशन एक शहरी कॉन्सेप्ट है, पैसे का प्रतिफल है और यह उन लोगों के लिए मौजूद नहीं है, जिनके पास विशेष अधिकार नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के एक छोटे से शहर बुढ़ाना में पैदा हुए अभिनेता का मानना है कि ग्रामीण लोगों में यह बीमारी नहीं है।**

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में, नवाजुद्दीन ने कहा कि गांवों के लोगों के लिए डिप्रेशन एक एलियन जैसी चीज है। अभिनेता बोले, 'मैं एक ऐसी जगह से आया हूं जहां, अगर मैं अपने पिता को बताता कि मैं उदास महसूस कर रहा हूं, तो वह मुझे एक जोरदार थप्पड़ मार देते- डिप्रेशन वहां नहीं था, किसी को भी नहीं होता वहां डिप्रेशन, सब खुश हैं। गांव में सब खुश हैं। लेकिन मुझे शहर में आने के बाद एंग्जायटी, डिप्रेशन, बाइपोलर के बारे में पता लगा। अभिनेता ने यह भी कहा, 'यह शहर में आके होती है, यहां पर हर आदमी अपने छोटे इमोशंस को भी बहुत ग्लोरिफाई करता है।

नवाजुद्दीन के अनुसार, आम, वंचित लोग अपने जीवन और परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाते हैं, पैसे वालों से विपरीत, जो आमतौर पर ऐसी बीमारियों को अनुबंधित करते हैं। 'यदि आप किसी मजदूर से या फुटपाथ पर सो रहे किसी व्यक्ति से पूछें, की डिप्रेशन क्या है? जब बारिश होती है, तब भी वे नाचते हैं, उनको डिप्रेशन नहीं पता होता। जब आपके पास पैसे आ जाते हैं तो इस तरीके की बीमारियां आ जाती हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो नवाजुद्दीन इस समय अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में नेहा शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 26 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। सुधीर मिश्रा की सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा 'अफवाह' के बाद यह इस महीने उनकी दूसरी रिलीज होने वाली फिल्म होगी।

# अक्षय की कैप्सूल गिल का नाम बदलकर हुआ द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू, इसी साल होगी रिलीज

अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन सितारों में शामिल हैं, जिनकी सालभर में कई फिल्में रिलीज होती हैं। अभिनेता की पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई थीं, लेकिन प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। अब अभिनेता 1989 में एक खदान में हुई सच्ची घटना पर आधारित फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसे कैप्सूल गिल कहा जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म के नाम को बदलकर द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू रख दिया गया है।

सूत्र के अनुसार, फिल्म के निर्माताओं ने इसका नाम कैप्सूल गिल से बदलकर अब द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू इसलिए रखा है क्योंकि उन्हें लगता है कि यह नाम फिल्म की कहानी के साथ ज्यादा न्याय करता है। साथ ही उनका मानना है कि इस नाम में दम है। सूत्र ने कहा, यह फिल्म एक अविश्वसनीय वास्तविक रेस्क्यू मिशन पर आधारित है और ऐसे में द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू से बेहतर नाम क्या ही हो सकता है। द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सूत्र का कहना है कि सेल्फी के बाद अक्षय की इस साल की अगली रिलीज द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू हो सकती है। हालांकि, अभिनेता की सोरारई पोटरु की रीमेक 1 सितंबर को रिलीज के लिए तैयार है, जिसका पोस्टर भी जारी हो चुका है।

# गर्मियों में त्वचा के लिए सुरक्षा कवच है नारियल तेल

**गर्मी एक ऐसा मौसम है जब धूप अच्छी नहीं लगती है. लंबे समय तक धूप में रहने से त्वचा रूखी, खुजलीदार और क्षतिग्रस्त हो सकती है. साथ ही, गर्मियों में सनबर्न की समस्या भी बढ़ जाती है और ज्यादा पसीना आने के कारण स्किन पर घमौरियां, मुहासे भी निकलने गलते हैं. हालांकि, गर्मियों में स्किन की सेहत को ठीक रखने के लिए कई प्राकृतिक उपचार हैं जो त्वचा को पोषण देने और उसकी रक्षा करने में मदद कर सकते हैं. एक ऐसा बहुमुखी और प्राकृतिक उपचार जिसका उपयोग त्वचा की विभिन्न समस्याओं के लिए किया जा सकता है, वह है नारियल का तेल. गर्मियों में त्वचा पर नारियल को तेल लगाने के छह फायदे हैं, जो इसके पोषण के लिए फायदेमंद है.**



गर्मियों में त्वचा पर नारियल तेल लगाने के 6 फायदे:-

### त्वचा को मॉइस्चराइज करता है

नारियल का तेल एक बेहतरीन प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है, जिसमें फैटी एसिड का एक अनूठा संयोजन होता है जो त्वचा में गहराई तक प्रवेश करता है. यह त्वचा को हाइड्रेटेड और मुलायम रखता है. गर्मियों के दौरान, गर्म और आर्द्र मौसम आपकी त्वचा को डिहाइड्रेट कर सकता है, जिससे स्किन पर पपड़ी और सूखापन हो सकता है. नियमित रूप से नारियल के तेल का उपयोग आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करता है, जो इसे सूखने और क्षतिग्रस्त होने से रोकता है.

### यूवी किरणों से बचाता है

सूरज की पराबैंगनी (यूवी) किरणें आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिससे सनबर्न और समय से पहले बुढ़ापा आ सकता है. नारियल के तेल में प्राकृतिक सन प्रोटेक्शन फैक्टर गुण होते हैं, जो इसे एक उत्कृष्ट प्राकृतिक सनस्क्रीन बनाते हैं. हालांकि यह बाजार में मिलने वाले सनस्क्रीन के समान स्तर की सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता है, फिर भी यह सूर्य की हानिकारक किरणों से कुछ सुरक्षा प्रदान करता है. नारियल के तेल को सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल करने से भी त्वचा को पोषण और मॉइस्चराइज करने में मदद मिल सकती है, जिससे यह नरम और चिकनी हो जाती है.

### सूजन कम करता है

गर्मियों के दौरान, लंबे समय तक धूप में रहने या कीड़े के काटने से आपकी त्वचा में सूजन हो सकती है. नारियल के तेल में प्राकृतिक एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो लालिमा और सूजन को कम करने में मदद करते हैं. सूजन वाली त्वचा पर नारियल का तेल लगाने से त्वचा को शांत करने में मदद मिलती है, जिससे जलन और बेचैनी कम होती है.

### मुंहासे

मुंहासे त्वचा की एक आम समस्या है जो गर्मी के महीनों में और भी बदतर हो सकती है. गर्मी और उमस के कारण त्वचा अतिरिक्त तेल का उत्पादन कर सकती है, जिससे रोम छिद्र बंद हो जाते हैं और ब्रेकआउट हो जाते हैं. नारियल के तेल में प्राकृतिक जीवाणुरोधी गुण होते हैं जो मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकते हैं. प्रभावित क्षेत्रों पर नारियल का तेल लगाने से सूजन को कम करने और भविष्य में ब्रेकआउट को रोकने में मदद मिलती है.

### त्वचा की बनावट में सुधार

नारियल का तेल त्वचा की बनावट सुधारने में मदद कर सकता है. इसके प्राकृतिक फैटी एसिड त्वचा को पोषण और हाइड्रेट करने में मदद कर सकते हैं, जिससे यह नरम और चिकनी हो जाती है. नियमित रूप से नारियल के तेल का उपयोग करने से महीन रेखाओं और झुर्रियों की उपस्थिति को कम करने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा जवां और अधिक चमकदार दिखती है.

### प्राकृतिक एक्सफोलीएटर

नारियल के तेल का उपयोग प्राकृतिक एक्सफोलिएटर के रूप में भी किया जा सकता है. इसके प्राकृतिक एसिड मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद कर सकते हैं, चिकनी और चमकदार त्वचा प्रकट करते हैं. एक्सफोलिएटर के रूप में नारियल के तेल का उपयोग करने से रोमछिद्रों को खोलने में मदद मिल सकती है, ब्रेकआउट और ब्लैकहेड्स को रोका जा सकता है.

नारियल का तेल एक प्राकृतिक उपचार है जो गर्मियों के दौरान आपकी त्वचा को पोषण देने और उसकी रक्षा करने में मदद कर सकता है. इसके मॉइस्चराइजिंग गुण आपकी त्वचा को हाइड्रेटेड रख सकते हैं और इसे शुष्क और क्षतिग्रस्त होने से बचा सकते हैं. यह सूरज की हानिकारक किरणों से भी कुछ सुरक्षा प्रदान कर सकता है और सूजन को कम करने और मुहांसों से लड़ने में मदद कर सकता है. नियमित रूप से नारियल के तेल का उपयोग करने से त्वचा की बनावट और दिखावट में सुधार करने में मदद मिलती है, जिससे यह युवा और अधिक चमकदार दिखती है. हालांकि, अगर आपको नारियल तेल से एलर्जी है तो इसे इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

## पहली फिल्म में बने भरत और दूसरी में राम

# जूनियर एनटीआर की यशगाथा के ये हैं 10 दिलचस्प अध्याय



साउथ सिनेमा की तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय सितारे जूनियर एनटीआर का पूरा नाम नंदमुरी तारक राम राव जूनियर है। उन्हें तारक के नाम से भी जाना जाता है। जूनियर एनटीआर तेलुगु सिनेमा के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले सितारे हैं। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म 'आरआरआर' ने जूनियर एन टी आर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। आज नियर एनटीआर का जन्मदिन है।

### दादाजी ने दिया अपना नाम

जूनियर एनटीआर का जन्म 20 मई 1983 को आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के निम्मकुरु में हुआ था। उनके पिता नंदमुरी हरिकृष्णा फिल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ हैं। जूनियर एनटीआर का शुरू में तारक नाम था, लेकिन उनके दादा के सुझाव पर उनका नाम बदलकर जूनियर एनटी रामाराव कर दिया गया। उनके दादा एन टी रामाराव तेलुगु फिल्मों के दिग्गज अभिनेता और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं।

### राम बनकर पाई प्रसिद्धि

जूनियर एनटीआर ने सात साल की उम्र में साल 1991 में फिल्म 'ब्रह्मर्षि विश्वामित्र' से बाल कलाकार के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की। इस फिल्म का निर्देशन जूनियर एनटीआर के दादा एनटी रामाराव ने किया था। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर ने भरत की भूमिका निभाई। इसके बाद बाल कलाकार के तौर पर वह गुणशेखर के निर्देशन में बनी पौराणिक फिल्म 'रामायणम' में राम की भूमिका में नजर आए। इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

### प्रशिक्षित कुचिपुड़ी नर्तक

अभिनेता जूनियर एनटीआर एक प्रशिक्षित कुचिपुड़ी नर्तक हैं। कुचिपुड़ी आठ प्रमुख भारतीय शास्त्रीय नृत्यों में से एक है। इसकी उत्पत्ति राज्य आंध्र प्रदेश के कुचिपुड़ी गांव से हुई है। कुचिपुड़ी एक नृत्य-नाटक प्रदर्शन है, जिसकी जड़ें नाट्य शास्त्र के प्राचीन हिंदू संस्कृत पाठ से जुड़ी हुई हैं। यह भारत के सभी प्रमुख शास्त्रीय नृत्यों की तरह यात्रा करने वाले चारणों, मंदिरों और आध्यात्मिक विश्वास से जुड़ी एक धार्मिक कला के रूप में विकसित हुआ है।

### बतौर हीरो राजामौली ने दिया ब्रेक

तेलुगू भाषा की रोमांटिक एक्शन फिल्म 'स्टूडेंट नंबर वन' के जरिए जूनियर एनटीआर ने बतौर हीरो अपने करियर की शुरुआत की। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली ने किया था। दिलचस्प बात यह है कि निर्देशक के रूप में एसएस राजामौली की भी यह पहली फिल्म थी। 1.85 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 12 करोड़ रुपये रहा। यह साल 2001 की सबसे सफल तेलुगु फिल्मों में से एक थी।

### गायकी में भी रहे सफल

साल 2007 में रिलीज तेलुगू फिल्म 'यमडोंगा' में संगीतकार एम एम कीरावणी के संगीत निर्देशन में पहली बार जूनियर एनटीआर ने गीत 'ओलम्मी टिककारेगिंडा' गाया था। वह 'कांत्री', 'अधूर', 'राभास' और 'नन्नाकु प्रेमथो' जैसी फिल्मों में भी गा चुके हैं। फिल्म 'नन्नाकु प्रेमथो' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक का दक्षिण फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। इसके अलावा कन्नड़ फिल्म 'चक्रव्यूह' के गीत 'गेल्या गेल्या' के लिए भी वह पुरस्कार जीत चुके हैं।

### जब रेलवे ने चलाई स्पेशल ट्रेन

जूनियर एनटीआर की फिल्म 'आंध्रवाला' का म्यूजिक लांच कार्यक्रम किसी त्यौहार से कम नहीं थी। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू के अलावा लाखों लोग निममार्कुरु पहुंचे थे। म्यूजिक लांच इवेंट इतने लोगों को ले जाने के लिए भारतीय रेलवे ने 10 स्पेशल ट्रेनें चलाईं। साउथ इंडस्ट्री में 5 दिसंबर 2003 के दिन को एक बड़े त्यौहार के रूप में जाना जाता है। इतने बड़े स्तर पर फिल्म की पब्लिसिटी होने के बावजूद यह फिल्म नहीं चली थी।

### लकी नंबर 9

अभिनेता जूनियर एनटीआर को अंक ज्योतिष में बहुत विश्वास है। वह अपने लिए 9 अंक को बहुत लकी अंक मानते हैं। उनकी सभी कारों का नंबर 9 अंक से शुरू होता है। अभिनेता की एक बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज कार का लाइसेंस प्लेट नंबर 9999 है जिसके लिए उन्होंने 10.5 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसके अलावा उनके पास जितनी भी कारें उनका भी यही नंबर है।

### जापान में तगड़ी फैन फॉलोइंग

सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की न सिर्फ साउथ में बल्कि जापान में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। फिल्म 'बादशाह' वहां ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी। 'बादशाह' को 5 अप्रैल 2013 को दुनिया भर में रिलीज किया गया था और जापान में आयोजित ओसाका एशियन फिल्म फेस्टिवल 2014 में इसका प्रीमियर किया गया था। इसे दुनिया भर में 1550 स्क्रीनों पर 1200 प्रिंट के साथ रिलीज किया गया।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद

अभिनेता जूनियर एनटीआर सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहते हैं। उन्होंने साल 2009 में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 20 लाख दान दिया और इंडस्ट्री के बाकी कलाकारों को भी बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए प्रेरित किया।

### फैंस के पूरे परिवार का खर्चा

फिल्म 'बादशाह' के म्यूजिक लांच समारोह के दौरान भगदड़ के कारण उनके एक प्रशंसक का निधन हो गया था। जूनियर एनटीआर ने मृतक के परिवार को न सिर्फ पांच लाख रुपये देकर उनकी मदद की बल्कि पूरे परिवार के देखभाल की जिम्मेदारी उठाई।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### छात्रवृत्ति के लिए व्यक्तिगत बैंक खाता को 25 तक आधार सीडिंग कराएं

**रायपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) का संचालन विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। भारत सरकार के नियमानुसार विद्यार्थियों को क्क्नरू के माध्यम से आधार आधारित छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों का बैंक खाते का आधार से सीडिंग होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों के बैंक खाते का आधार सीडिंग नही होने के कारण छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाना संभव नही हो रहा है। सहायक आयुक्त ने बताया कि रायपुर जिले में अध्ययनरत वर्ष 2022-23 के ऐसे विद्यार्थी जिनका छात्रवृत्ति भुगतान नही हुआ है।ऐसे विद्यार्थी तत्काल अपना व्यक्तिगत बैंक खाता को आधार सीडिंग कराकर 25 मई के पूर्व अपने संस्था या सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायपुर में सूचना दे।निर्धारित समयवाधि तक आधार सीडिंग की जानकारी संबंधित संस्था या सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को नही दिये जाने की दशा में छात्रवृत्ति भुगतान किया जाना संभव नही होगा ।

### कलेक्टर ने गोबरा नवापारा तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने यहां अपने भ्रमण के दौरान गोबरा नवापारा तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय परिसर में निर्माणाधीन बिल्डिंग के संबंध में जानकारी लेकर सभी संबंधितो को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों से राजस्व से संबंधित सभी प्रकरणों को ऑनलाइन अद्यतन करने कहा ताकि आम नागरिकों को प्रकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त हो सके। डॉ भुरे ने कहा कि तहसील में नियमित रूप से प्रकरणों की सुनवाई कर निराकरण करें ।कोई भी प्रकरण ज्यादा समय तक लंबित ना हो। निर्धारित समयावधि में प्रकरणों का निराकरण कर आम जनों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की अवैध कब्जा ,अवैध प्लाटिंग पर कड़ी नजर रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय की व्यवस्थाओं के संबंध में सराहना भी की ।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री आशुतोष कुमार देवांगन , तहसीलदार रीमा मरकाम, नायब तहसीलदार वसुमित्र दीवान और अशोक जंघेल सहीत संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अनुसूचित जनजाति योजनांतर्गत : टर्म लोन के लिए पात्र आवेदकों से 12 जून तक आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जनजाति योजनांतर्गत टर्म लोन योजना ष्ट।ह्ल 270 व ष्ट।ह्ल-262 में ईकाई लागत 3 लाख रुपए एवं 5 लाख रुपए कृषि क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये प्रत्येक योजना में 01-01 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत ऋण लेने के इच्छुक 18 से 50 वर्ष के युवक-युवतियाँ आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ आवेदक को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण-पत्र (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में 3 लाख रुपए से अधिक न हो) एवं आवेदन के साथ एक पासपोर्ट साईज फोटो लगाना होगा। इसके लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को विशेष प्राथमिकता दिया जायेगा। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी ने बताया कि योजना के तहत ऋण लेने के इच्छुक आवेदकों को ऋण स्वीकृत किए जाने की स्थिति में आवेदक को ऋण के बराबर का जमानत देना होगा। यह ऋण 5 वर्ष के लिए होगा तथा 6 प्रतिशत वार्षिक दर से प्रतिमाह किश्त के रूप में वसूली की जायेगी। अनुसूचित जनजाति वर्ग में कोई भी व्यक्ति यदि शासकीय योजनांतर्गत लाभ लिया हो, उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा। आवेदक व्यवसाय से संबंधित परियोजना प्रस्ताव अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ जमा करें।

### श्रीमद् भागवत कथा भव्य पंडाल के साथ पद्मनाभपुर में 22 मई से

**दुर्ग।** शहर के पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में ऐतिहासिक आजोयन की तैयारी हेतु 22 मई से शुरु हो रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह को लेकर मातृभूमि सेवा समिति के सदस्यों द्वारा तैयारी को अंतिम रुप दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल में विशाल मंच व डोम बनाया गया है। जिसमें बुलंद शहर उत्तरप्रदेश के प्रसिद्ध कथावचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज श्रीमद् भागवत कथामृत का श्रद्धालुओं को रसपान कराएंगे। श्रद्धालुओं के लिए सर्वसुविधायुक्त भव्य पंडाल के अलावा पेयजल व प्रशाधन की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई है। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस 22 मई की सध्या 4 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 23 से 29 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित होगा। 30 मई को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक महाभंडारा आयोजित किया गया है। रजिस्टेशन हेतु मातृभूमि सेवा समिति मिनी स्टेडियम मो. 9826983062 से किया जा सकता है।

विधायक सत्यनारायण शर्मा, सांस्कृतिक प्रमुख आकाश तिवारी ने देखा कलाकारों का जोश, कहा-

# कला को तराशने देंगे पूरी सहायता

## निःशुल्क कला प्रशिक्षण कार्यशाला में उत्साह के साथ कलाकारों ने दिखाया अपना हुनर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। सिनेमा, थिएटर व टैटू की कार्यशाला के दूसरे दिन विधायक सत्यनारायण शर्मा ने नवोदित कलाकारों से मुलाकात की एवं उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रभावी प्रशिक्षण के उपरांत दुनियां के सामने लाकर रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने अपनी शुभकामनाएं दी। नगर निगम के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष आकाश तिवारी भी इस दौरान उनके साथ रहें और सभी कलाकारों को विश्वास दिलाया कि सफलता की उनकी हर ऊंची उड़ान में अभिनेता भगवान तिवारी के प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा।**




कार्यशाला में एक्टर भगवान तिवारी ने आज प्रतिभा संपन्न नवोदित व अनुभवी कलाकारों को थिएटर व सिनेमा में एक्टिंग की बारीकी बताते हुए कैमरे व मानवीय मनोभावों के जीवंत संपर्क को सरल शब्दों में समझाया।

रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला खनिज न्यास संस्थान, नगर निगम, स्मार्ट सिटी के कौशल विकास उन्नयन कार्यक्रम के तहत एक्टर भगवान तिवारी व टैटू मास्टर शैली द्वारा स्थानीय शहीद स्मारक भवन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। टैटू कला से अपना कैरियर तलाशने वाले कलाकारों के साथ ही साथ रंगमंच, थिएटर व सिनेमा की दुनियां की हर जरूरी विधाओं की बारीकियों से अवगत कराया गया।

एक्टर भगवान तिवारी ने कलाकारों की प्रतिभा को अपने सामने मंच पर परखा, स्क्रिप्ट आधारित सब की प्रस्तुति से उनकी क्षमताओं का आंकलन किया, पटकथा व फिल्म निर्देशन जैसी विधाओं में अभिनय की समझ की चर्चा की, दर्शक के मन मस्तिष्क तक संवाद की स्थिति तक अभिनय को पहुंचाने की गहन भावों पर विस्तृत सुझाव दिए। एक्टर तिवारी ने इन कलाकारों से यह भी कहा कि अभिनय को भावनाओं के साथ उन ऊंचाईयों तक कलाकारों को ले जाना चाहिए, जहां दर्शक को कलाकार के भाव से स्वयं को जोड़ने में सहजता महसूस हो सके। इस कार्यशाला में टैटू की विभिन्न विधाओं का प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला उपरांत चयनित प्रतिभागियों को अगले सप्ताह से दीर्घकालीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए टैटू मास्टर शैली और उनकी टीम प्रतिभागियों की कला प्रतिभा का आंकलन कर प्रशिक्षण की आगामी रूपरेखा तैयार करेंगे।

कार्यशाला में कलाकारों के उत्साहवर्धन के लिए पहुंचे विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कलाकारों की प्रस्तुति देखी और इन कलाकारों के अभिनय क्षमता को परिष्कृत करने एक्टर भगवान तिवारी की गहरी समझ व परख की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला, संस्कृति, खानपान, खेल आदि को प्रोत्साहित किया जा रहा है और अब छत्तीसगढ़ की माटी से रचे-बसे एक्टर भगवान तिवारी जैसे मंजे कलाकार अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने श्रम कर रहे है। उन्होंने कहा कि कलाकारों में आत्मविश्वास गढ़ने के उनके प्रयासों को पूरा सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के प्रमुख आकाश तिवारी ने कहा कि अनुशासित व कठोर श्रम से अभिनय की दुनियां में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले भगवान तिवारी रायपुर में अभिनय प्रशिक्षण की नींव रखकर न केवल शहर, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के कलाकारों के कैरियर को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों को न केवल स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सराहना की है, बल्कि हर आयुवर्ग के नवोदित व स्थापित कलाकारों के मन में अपने अभिनय को लेकर आत्मविश्वास जागृत हुआ है।

कार्यशाला में सम्मिलित मितवा समिति के अध्यक्ष विद्या राजपूत ने भी अभिनय को सशक्त मानव समाज की पहली पहचान बताते हुए छत्तीसगढ़ शासन व रायपुर नगर निगम द्वारा तृतीय लिंग समुदाय के आवास, व्यवस्थापन, रोजगार, सम्मान व स्वाभिमान के साथ ही साथ अभिनय की दुनियां में उनकी पहचान बनाने के लिए किए गए प्रबंधों का जिक्र करते हुए अभिनेता भगवान तिवारी के प्रशिक्षण कार्यक्रम की खुलकर सराहना की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणाओं पर तेजी से अमल

# बेलतरा में आज से शुरू हुआ एसडीएम का लिंक कोर्ट




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट-मुलाकात के दौरान की गई घोषणाओं पर जिला प्रशासन द्वारा तेजी से अमल किया जा रहा है। इस कड़ी में बेलतरा में एसडीएम बिलासपुर की साप्ताहिक लिंक कोर्ट सुविधा भी आज से शुरू हो गई। एसडीएम श्री श्रीकांत वर्मा ने आज तहसील कार्यालय बेलतरा में छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत पूजा-अर्चना कर काम-काज शुरू किया। उन्होंने दिन भर में लगभग डेढ़ दर्जन मामलों की सुनवाई की।**

इनमें राजस्व से जुड़े 12 और भू-अर्जन से संबंद्ध 4 मामले शामिल है। उन्होंने आस-पास के गांवों से आये किसानों और ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। विदित हो कि एसडीएम बिलासपुर का अब प्रति सप्ताह शुक्रवार को तहसील कार्यालय में लिंक कोर्ट लगेगा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप इस आशय के आदेश जारी कर दिए हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस माह की 12 तारीख को बेलतरा में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर सप्ताह में एक दिन एसडीएम का कोर्ट लगाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री की घोषणा पर ही पिछले साल 2022 में बेलतरा को पूर्ण तहसील का दर्जा हासिल हुआ है। इससे तहसील संबंधी तमाम काम बेलतरा में तो हो रही रहे थे। अब सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से एसडीएम सह राजस्व अनुविभागीय अधिकारी के बैठने से उन्हें 35-40 किलोमीटर दूर बिलासपुर जाना नहीं पड़ेगा। इससे उनकी समय और पैसे दोनों की बचत होगी। आठ महीने के भीतर पूर्ण तहसील के साथ एसडीएम के लिंक कोर्ट की सुविधा मिल जाने से ग्रामीणों और किसानों में खुशी का माहौल है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया है।

# शहर में वट वृक्ष चबूतरों का होगा निर्माणः अरुण वोरा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** अखंड सौभाग्य देने वाली वट सावित्री व्रत वट वृक्ष सावित्री और सत्यवान की पूजा शहर की सुहागीन महिलाएं अनेको स्थानों में वटवृक्ष में कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा कर व्रत कथा सुनी एवं महिलाएं अपने पति की लंबी आयु पुत्र और सुखी जीवन के लिए प्रार्थना की। वट सावित्री व्रत हर वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या को मनाया जाता है। इस बार भी वट सावित्री व्रत के दिन सोमवती अमावस्या का संयोग बना है। इस दौरान विधायक अरुण वोरा ने सुभाष नगर, केलाबाड़ी, गंजपारा, गयानगर, चण्डी मंदिर, बैगापारा, पटरीपारा, स्टेशन रोड स्थित शनि मंदिर पहुंचकर व्रती महिलाओं को वट सावित्री की शुभकामनाएं एवं मनोकामना पूर्ण होने ईश्वर से कामना की। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डो में वट वृक्षों में चबूतरा का निर्माण व विधायक निधि से 10 लाख की लागत से सुभाष नगर में सामुदायिक भवन की घोषणा कर शहरवासियों से अपील की है कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए रिक्त भूमियों पर पौधे लगाए। शहर को ग्रीन सिटी बनाने योगदान जरुर दे।

साथ ही ठगड़ाबांध पिकनिक स्पॉट का महापौर एवं आयुक्त के साथ निरीक्षण किया। जिसमें भव्य प्रवेश द्वार, आईलेण्ड में सुरक्षित पहुंच हेतु ग्रिल निर्माण, हरियाली एवं बच्चों का प्ले ग्राउण्ड, ब्रिज में पेटिंग, फ्लड जोन, रोपे लाइट सहित बोट चलाने हेतु भरपूर पानी की व्यवस्था कर जुलाई माह में लोकार्पण की तैयारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान अजय मिश्रा, गोपाल सिन्हा, राजेश शर्मा, प्रकाश गीते, देव सिन्हा, विनिश साहू, कार्यपालन अभियंता राजेश पाण्डेय, प्रकाश थवानी आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग ने कैरियर के लिए किया जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के रायपुर कार्यालय द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनी साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैरियर जागरूकता विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




एसएससी के क्षेत्रीय निदेशक परिजात दीवान के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में अनुभाग प्रभारी अशोक कुमार वर्मा ने एसएससी की परीक्षा के विविध चरण, परीक्षा के लिए योग्यता, परीक्षा में होने वाली गलतियां, परीक्षा केंद्र आदि के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों को एसएससी की ओर से जागरूकता संबंधी पंफ्लेट प्रदान किया गया। यह पंफ्लेट एसएससी द्वारा की जाने वाली नियुक्तियों, उसकी निर्धारित अर्हता, उसकी फीस आदि की जानकारियों से युक्त है। एसएससी के अधिकारी ने भविष्य में भी किसी प्रकार की जानकारी के लिए जागरूक करते रहने की जानकारी दी।


इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो(सीबीसी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्र सरकार द्वारा मिशन मोड में चलाई जा रही 10 लाख भर्तियों व उसमें एसएससी के योगदान के बारे में जानकारी दी गई। सीबीसी बिलासपुर के अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने एसएससी के अधिकारी अशोक कुमार वर्मा द्वारा दी गई जानकारी के बारे में क्विज किया। क्विज प्रतियोगिता में अभिषेक मिश्रा, हीरालाल पाली समेत अन्य विजेता प्रतिभागियों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित व जनहित में मुफ्त में प्रसारित न्यू इंडिया समाचार की प्रति भेंट की गई। कार्यक्रम स्थल के समीप आजादी का अमृत महोत्सव पर केंद्रित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। सीबीसी के कार्मिक केवी गिरी, अंबिकालाल द्वारा विद्यिर्थयों को अमृत महोत्सव की प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया।

आयोजन पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. बीएस चौहान ने हर्ष जताया। उन्होंने कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन कार्यक्रम के आयोजन के लिए एसएससी व केंद्रीय संचार ब्यूरो को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभागियों में सरकारी सेवा में जाने की तत्परता बढ़ती है। इससे पहले कॉलेज के प्रो. नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने सभी का स्वागत किया। व आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. दीप्ति जांगड़े, आकांक्षा वर्मा, डॉ. सुनीता जाखड़, आगरदास बघेल, शिवराम चंद्रवंशी, कविता कन्नौजे, लवन सिंह कंवर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर कॉलेज के रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आस्था समिति के दौलतराम कश्यप द्वारा सभी को एड्स बीमारी से बचाव और सतर्कता के बारे में जानकारी दी गई।

# रीपा में करें नजदीकी क्षेत्र में उपलब्ध सामग्री के प्रसंस्करण अनुरूप गतिविधियों का संचालन - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि कोड़ेनार रीपा के समीप स्थित बाजार में मिलने वाले कोदो-कुटकी, रागी, कुल्थी जैसे मिलेट्स का उपयोग करते हुए रीपा में प्रोसेसिंग कर अंतिम उत्पाद को उसी बाजार में विक्रय किया जाना चाहिए। इसके लिए बाजार में मिल रही कच्चे सामग्री की सूची बनाएं और उसी अनुरूप रीपा में गतिविधि संचालित करें ताकि उत्पाद की बिक्री के लिए अन्य मार्केट की तलाशने की जरूरत ना हो। उन्होंने कोड़ेनार के साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करते हुए बाजार में रीपा के उत्पाद बिक्री के लिए शेड भी बनाने के निर्देश दिए। रीपा के लिए चिन्हाकित स्थल में किये जा रहे निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने तथा परिसर के चारों



तरफ से फेंसिंग करने के भी निर्देश दिए।

इसके अलावा कलेक्टर ने बड़े किलेपाल में निर्माणाधीन आईटीआई भवन, स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन, काजू प्लांटेशन और मुतनपाल में उचित मूल्य की दुकान, 50 सीटर प्री मैट्रिक कन्या आश्रम छात्रावास, अमृत सरोवर कार्य और पाम ऑइल प्लांटेशन के लिए चिन्हांकित स्थल का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री विजय ने आईटीआई भवन के निर्माण संस्था के अधिकारियों और निविदाकार को जून माह तक सेनेटरिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बड़े किलेपाल में उद्यानिकी विभाग द्वारा पट्टा हितग्राहियों के जमीन पर की जा रही काजू प्लांटेशन का भी उन्होंने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने हितग्राहियों से भी चर्चा करते हुए पूछा कि काजू प्लांटेशन से पहले जमीन का क्या उपयोग कर रहे थे। जिस पर किसानों ने कहा कि पहले इस जमीन पर कोसरा की खेती करते थे जो उनके उपयोग के लिए था, किंतु लगाए गए काजू फसल से उन्हें आगामी वर्षों में आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को बड़े किलेपाल में एक हजार एकड़ में काजू प्लांटेशन करने का लक्ष्य भी दिया। बड़े किलेपाल के स्वामी आत्मानंद स्कूल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री विजय ने समर कैंप में अध्ययनरत बच्चों से की मुलाकात। कलेक्टर ने समर कैंप में कक्षा पहली में अध्ययन कर रहे कृष से हाथ मिलाकर हौसला बढ़ाया। उन्होंने बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने वाली गतिविधियों को संचालित करने पर जोर दिया। स्कूल निरीक्षण में स्कूल निरीक्षण में शैक्षणिक गतिविधियों और आवश्यक संसाधनों का भी निरीक्षण किया। उन्होनें प्रयोगशाला में आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता नहीं होने और कक्षाओं की सफाई व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही उन्होंने प्रयोगशाला प्रभारियों की प्रशिक्षण की व्यवस्था जिला मुख्यालय के आत्मानंद स्कूल में करने के निर्देश जिला मिशन समन्वयक को दिए।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# दुर्ग पुलिस ने पकड़ा अंतर जिला वाहन चोर गिरोह, चोरी की 9 बाइक बरामद, अलग अलग थानों में दर्ज हैं मामले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसपी ने इसके लिए विशेष निर्देश दिए थे। इस बीच पाटन थाना क्षेत्र में अस्पताल के पास चोरी हुई। यहां के सीसी टीवी फुटेज में चोर को चेहरा दिखा। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोर को गिरफ्तार किया और पूछताछ करने पर कई चोरियों का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस मामले में दो अन्य चोरों को गिरफ्तार कर 9 चोरी की बाइक बरामद की हैं।



शुक्रवार को इस पूरे मामले का एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 12 मई को थाना पाटन क्षेत्र में सीएचसी अस्पताल से एक मोटर सायकल चोरी होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फूटेज प्राप्त कर जांच की। फूटेज में एक संदेही दिखाई दिया जिसकी पहचान सोहन यादव उर्फ सागर हिन्दी निवासी माया नगर रिसाली भिलाई के रूप में हुई। सोहन यादव पर पूर्व में भी वाहन चोरी के कई प्रकरणों में चालान किया जाना पता चला। जिससे सोहन यादव उर्फसागर हिन्दी को उसके घर के पास आजाद मार्केट रिसाली भिलाई से घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में गुमराह करता रहा किन्तु तकनीकी रूप से पूछताछ करने पर सीएचसी अस्पताल पाटन से एक मोटर सायकल चोरी की बात मानी। इसके बाद पूछताछ में अन्य चोरियों का भी खुलासा हुआ। आरोपी ने बताया कि कई माह से वह अपने साथी विद्याधर चौहान उर्फ सूरज एवं कल्याणी दास बंजारे उर्फसोनू के साथ मिलकर जिले के विभिन्न थानों सुपेला, पद्मनाभपुर, मोहन नगर, छावनी एवं रायपुर के टाटीबंध से मोटर सायकल चोरी कर रहा है। इसके बाद सोहन यादव के दोनों साथियों को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के निशान देही पर कुल 9 मोटर सायकल जुमला कीमती 6 लाख 84 हजार बरामद किया गया।

## खास-खबर...



### राजधानी में बेखौफ बदमाश: सिगरेट के पैसे मांगने पर दुकानदार को जमकर पीटा, तमाशा देखते रहे लोग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में गुंडे-बदमाश बेखौफ होकर घूम रहे हैं। दबंगई ऐसी की किसी को भी पीट रहे हैं। ऐसी एक घटना बीती रात हुई। रायपुर के डीडी नगर इलाके में बदमाशों ने एक फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। दुकानदार ने सिगरेट के पैसे मांगे तो बदमाश इतना गुस्सा हो गए कि दुकानदार को दुकान से बाहर निकाल कर पिटाई कर दी। पिटाई के डर से दुकानदार भाग खड़ा हुआ। मामले की शिकायत डीडीनगर थाने में की गई है। पुलिस अब उन बदमाशों की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसा कुशालपुर ओवर ब्रिज के पास भुवनेश्वर साहू(45) की चाय और डेली नीड्स की दुकान है। गुरुवार रात 2 बजे के आसपास बाइक सवार युवक पहुंचे और सिगरेट मांगने लगे। भुवनेश्वर ने उन्हें सिगरेट का डिब्बा दिया और पैसे मांगे। इस पर युवक विवाद करने लगा और भुवनेश्वर को दुकान से बाहर निकालकर पीटा। इस दौरान युवक बार बार कह रहा था हमसे पैसे मांगता है हमें जानता नहीं हम कौन है। युवक दुकान दार को जमीन पर पटक-पटक कर पीट रहा था। दुकानदार ने किसी तरह बदमाशों से खुद को बचाकर भागा। इसके बाद दुकानदार ने मामले की शिकायत डीडी नगर थाने की है। पुलिस ने दुकानदार को अस्पताल पहुंचाया। दुकानदार के सिर पर 8 टांके लगे हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर है। इधर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। डीडी नगर पुलिस ने बताया कि दो युवक पान-ठेला पर सिगरेट लेने गए थे। उस दौरान पैसे के लेने-देन को लेकर विवाद बढ़ गया। इसके बाद दुकानदार को जमकर पीटा गया है। पुलिस ने कहा है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# धमतरी की भाजपा विधायक रंजना साहू की कार पलटी, बाल-बाल बची





श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में भाजपा विधायक की कार पलट गई। कार में धमतरी विधायक रंजना साहू सवार थी जो इस हादसे में बाल-बाल बची। यह हादसा गरियाबंद के झरिया बहारा के पास नेशनल हाइवे 130 सी में हुआ। हादसे में विधायक को घायल हो गई हैं जिनका मैनपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार धमतरी की भाजपा विधायक रंजना साहू अपने कुछ कार्यकर्ताओं के साथ बिंद्रानवागढ़ के पूर्व विधायक डमरुधर पुजारी के घर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थीं। इस दौरान गरियाबंद जिले के मैनपुर के पास तेज रफ्तार आ रहे हाईवा से बचने के चक्कर विधायक की कार अनियंत्रित हो गई। चालक ने कार को साइड किया तो वह पलट गई। कार में विधायक रंजना साहू सहित पांच लोग सवार थे। हादसे में विधायक समेत सभी लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों का मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं हादसे में विधायक की कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई है।

# एसईसीएल में चोरी: 4 टन कबाड़ के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर (ए)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एसईसीएल के कबाड़ चोरी करने वाले आरोपियों के साथ कबाड़ का जखीरा बरामद किया है। दरअसल, गुरुवार को थाना भटगांव पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इंदिरा कॉलोनी डुगडुगीयापारा का देवानंद सोनी, सुरेन्द्र सोनी एसईसीएल कॉलरी में उपयोग होने वाले लोहे का सामान कबाड़ अपने घर की बाड़ी में रखा है।



सूचना पर पुलिस पहुंची, जहां देवानंद के घर पास बाड़ी में रोलर लोहे का चक्का दो भागों में, डोजर सायलेंसर, पुरानी टंकी, लोहे का छोटा बड़ा 50 प्लेट, कुल कबाड़ वजन करीब 4 टन कीमत 2 लाख 80 हजार का पाया गया। उक्त सामग्री के खरीद-बिक्री संबंधी दस्तावेज की मांग करने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे सामान चोरी का होने के संदेह पर धारा 379 के तहत कार्रवाई कर 4 टन कबाड़ व एक पिकअप वाहन जब्त किया गया।

वहीं आरोपी देवानंद सोनी पिता सुरेन्द्र सोनी उम्र 20 वर्ष, सुरेन्द्र सोनी पिता सुखदेव सोनी उम्र 50 वर्ष निवासी इंदिरा कालोनी, डुगडुगीयापारा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने लोहे के सामान को चोरी करना और बेचने के लिए रखना बताया। मामले एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

**(संपत्तिकर विभाग)**

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2023/284/95 — भिलाई, दिनांक 19/05/2023

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती .के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगाः-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | "चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली), आपोजिट. चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटरः- श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी- राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती मालती पटेल ध.प. स्व. आई. एल. पटेल, निवासी-फ्लैट नं.-20, ब्लांक- D/10 तृतीयतल, ''चौहान हाउसिगं'' ,चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01, ''चौहान हाउसिंग'' (चौहान ग्रीन वैली), अपो. चौहान टाउन खम्हरिया एवं जुनवानी, भिलाई, -फ्लैट नं.-20, ब्लांक- D/10 तृतीयतल, निर्मित क्षेत्रफल- 663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 2 | श्री इन्द्रजीत कालिया, पिता श्री द्वारका नाथ कालिया, निवासी- ब्लांक क्रं.-45,प्लाट नं. -1, नेहरु नगर पश्चिम भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री अब्दुल मुजीब, पिता स्व. अब्दुल लतीफ, निवासी- वार्ड नं.-08 इमाम चौक तकियापारा दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | हस्तांतरण प्रपत्र | भिलाई, वार्ड नं. -03, कोसा नगर वार्ड के मोतीलाल नेहरु नगर पश्चिम भिलाई, भूखण्ड क्रं.-01, ब्लांक क्रं. -45, क्षेत्रफल-216 वर्गमीटर , भवन निर्मित। |
| 3 | श्री समीर तिग्गा, आ.श्री स्तानिसलास तिग्गा, साकिन- पाटिल भवन , कोहका चौक, कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती देमेत्रिया तिग्गा, ध.प. स्व. समीर तिग्गा,निवासी-कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | वारिसान | कोहका, वार्ड नं.- 09 शांति नगर अंदर भाग भिलाई, खसरा नं. 6915/5, रकबा-2100 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 4 | श्री आदर्श वैद्य, पिता श्री अरुण कुमार वैद्य, 2. श्रीमती सुषमा वैद्य, पति श्री आदर्श वैद्य, निवासी- ब्लॉक नं.-16, प्लाट नं. 08, वार्ड नं. - 03, राधिका नगर , सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्रीमती नीतू बैंस, पति श्री प्रेम सिंह बैंस, 2. हर्षा सिंह बैंस , पिता श्री प्रेम सिंह बैंस, निवासी- सी-25, एल आई सी, कालोनी, सेक्टर 06 भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | खम्हरिया जुनवानी, वार्ड नं.-01 चौहान हाउसिंग कंपनी चौहान ग्रीन वैली भिलाई, फ्लैट नं.-12ए, द्वितीयतल, ब्लांक नंबर -डी-7, क्षेत्रफल- 663.27 वर्गफीट पर अवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 5 | 1. श्रीमती कुलजिन्दर कौर, पति श्री हरफेज सिंह पन्नू, 2. श्री हरफेज सिंह पन्नू, पिता श्री इन्द्ररजीत सिंह पन्नू, निवासी- प्लाट नं.- 16, आनंद नगर, जुनवानी भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती स्वरुपा गुप्ता पति श्री प्रेमनाथ गुप्ता, निवासी- वार्ड नं.-03 नगर पंचायत देवकर तहसील. देवकर, जिला- बेमेतरा (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं.- 01, (जुनवानी चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं. -351/21, कुल रकबा- 890 वर्गफुट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 6 | मो. नन्हे मियां, आ. स्व. मो. शेख हुसैन, निवासी- सुन्दर नगर, वार्ड नं.- 08,कोहका सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती रजिया बेगम, ध.प. मो.शेख नन्हे मियां, निवासी- सुन्दर नगर, वार्ड नं. -08, कोहका , सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | दानपत्र | कोहका, वार्ड नं.-08 रानी अवंति बाई कोहका, वार्ड अंतर्गत बजरंग पारा से लगा हुआ विवेकानंद नगर अंदर भाग, भिलाई, प्लाट नं.-44 का भाग, खसरा नं. 3310/18, रकबा-2400 वर्गफीट में से 600 वर्गफुट दान से प्राप्त, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | मो. नन्हे मियां, आ. स्व. मो. शेख हुसैन, निवासी- सुन्दर नगर, वार्ड नं.- 08,कोहका सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | शेख बशीर अहमद, आ. मो. नन्हे मियां, निवासी-सुन्दर नगर, वार्ड नं. -08,कोहका सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | दानपत्र | कोहका, वार्ड नं.-08 रानी अवंति बाई कोहका, वार्ड अंतर्गत बजरंग पारा से लगा हुआ विवेकानंद नगर अंदर भाग, भिलाई, प्लाट नं.-44 का भाग, खसरा नं. 3310/32, रकबा-2400 वर्गफीट में से 600 वर्गफुट दान से प्राप्त, आवासीय भवन निर्मित। |

**उपायुक्त (संपत्तिकर)**

वरिष्ठ अफसरों पर प्रताड़ना का आरोप

# कांकेर की महिला पुलिसकर्मी आत्मदाह करने पहुंची कलेक्टोरेट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में पदस्थ महिला पुलिस कर्मी ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर पहुंचकर अपनी आपबीती बताई। महिला पुलिस कर्मी ने वरिष्ठ अफसरों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आत्मदाह करने कलेक्टोरेट पहुंची। पहले ही महिला कर्मी ने आत्मदाह की चेतावनी दी थी। कुछ देर के लिए कलेक्टोरेट परिसर में गहमा गहमी का महौल बन गया था। कलेक्टर व अन्य अफसरों ने समझाइश देकर महिला को शांत कराया और एक समिति का गठन किया।

शुक्रवार को कांकेर के कलेक्टोरेट कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया जब एक महिला पुलिसकर्मी आत्मदाह करने पहुंच गई। दोपहर करीब 12 बजे महिला पुलिस कर्मी पद्मिनी साहू पहुंची और मीडिया के सामने अपना दुखड़ा सुनाया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अफसर उसे प्रताड़ित करते हैं। उसका कहना था कि पूर्व में उसने एक पत्र वरिष्ठ अधिकारियों के नाम लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

इस मामले को लेकर कलेक्टर कांकेर ने 5 सदस्यों की एक जांच टीम बना कर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को 7 दिनों के अंदर देने का निर्देश दिया है। कलेक्टर द्वारा बनाई गई टीम में आस्था बोरकर डिप्टी कलेक्टर, सिनीवाली गोयल उप संचालक समाज कल्याण, रेखा निषाद अधिवक्ता, बुलबुल वैध अध्यक्ष गैर शासकीय संस्थान, डॉ. विमल भगत मनोरोग चिकित्सक शामिल हैं। उपरोक्त गठित समिति आवेदिका द्वारा लगाए गए तथ्यों की जांच कर इसकी रिपोर्ट सौंपेगी।






### अनुशासनहीनता की शिकायतें

इधर इस मामले में एएसपी रत्ना सिंह का कहना है कि महिला पुलिस कर्मी के वरिष्ठ अफसरों पर आरोप गलत हैं। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ अनुशासनहीनता की शिकायतें मिल रही थी। कभी छुट्टी ले लेती और एडवांस में अटेडेंस भरकर चली जाती है। उनके इस तरह के कार्य के लिए उसे नोटिस दिया गया तो वह इस प्रकार के आरोप लगा रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग



शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles



Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता



कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# फौलादी इरादा निभाया वादा

## नए पद विज्ञापन जारी

**12,489**
शिक्षा विभाग

**1920**
वन विभाग

**920**
तकनीकी शिक्षा विभाग

**522**
अपेक्स एवं सहकारी बैंक

**500**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग

**653**
अन्य विभाग

रोक हटते ही **19940** नौकरियों की बरसात



## शुरू हुई थमी भर्ती प्रक्रिया

**975**
गृह विभाग

**400**
ऊर्जा विभाग

**291**
वन विभाग

**342**
अन्य विभाग

## जारी हुए अटके नियुक्ति आदेश

**377**
ऊर्जा विभाग

**352**
जल संसाधन विभाग

**136**
स्वास्थ्य विभाग

**63**
अन्य विभाग

"मैंने कहा था कि अदालती रोक हटते ही हम नौकरियों की बरसात कर देंगे। नतीजा आपके सामने है।"

- भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती मिशन मोड में

## छत्तीसगढ़ सरकार, भरोसे की सरकार

RO-37057/26

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950